आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज
लखनऊ में नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल का शुभारंभ, सीएम...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 11 अप्रैल, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 178 www.janexpresslive.com/epaper

बंगाल के लिए बीजेपी का घोषणापत्र... 12

# लखनऊ में फर्जी नंबर प्लेट और ओवरलोड ट्रकों का महाघोटाला! एक महीने में 1600 ट्रक पार, 900 नंबर फर्जी

## इटौंजा टोल प्लाजा से बेखौफ गुजर रहे थे ओवरलोड ट्रक, नकद वसूली और फर्जी नंबरों का खेल उजागर, एफआईआर दर्ज-पूरे नेटवर्क पर जांच तेज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में फर्जी नंबर प्लेट और ओवरलोड ट्रकों के बड़े नेटवर्क का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इटौंजा टोल प्लाजा पर एक महीने के भीतर 1600 ओवरलोड ट्रकों के गुजरने की जानकारी सामने आई है, जिनमें से करीब 900 ट्रकों के नंबर पूरी तरह फर्जी पाए गए हैं। इस खुलासे ने परिवहन विभाग, टोल प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से ओवरलोड ट्रक फर्जी नंबर प्लेट के सहारे टोल प्लाजा पार कर रहे थे। इन ट्रकों के नंबरों की जांच करने पर पता चला कि कई नंबरों का कोई रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड ही मौजूद नहीं है। न तो चेसिस नंबर का विवरण मिला और न ही वाहन का पंजीकरण रिकॉर्ड, जिससे साफ है कि सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़ा किया जा रहा था।



**नकद लेनदेन से चल रहा था खेल:** जांच में यह भी सामने आया कि अधिकांश ट्रक FASTag का उपयोग नहीं कर रहे थे और नकद भुगतान कर टोल पार कर रहे थे। नियमों के अनुसार वाणिज्यिक वाहनों के लिए FASTag अनिवार्य है, लेकिन टोल कर्मियों द्वारा मनमाने नंबरों पर रसीद काटकर नकद वसूली की जा रही थी। इससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान होने के साथ-साथ अवैध वसूली का खेल भी चल रहा था।



### सबसे बड़ा सवाल

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि:

- क्या टोल प्लाजा का लाइसेंस रद्द होगा?
- क्या टोल कर्मचारियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी?
- क्या पूरे नेटवर्क के सरगना तक पुलिस पहुंच पाएगी?
- या फिर मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा?

### एक नंबर से कई बार टोल पार

जांच टीम तब हैरान रह गई जब पता चला कि एक ही फर्जी नंबर का इस्तेमाल कई बार टोल पार करने के लिए किया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह कोई छोटा मामला नहीं बल्कि संगठित गिरोह द्वारा संचालित बड़ा नेटवर्क है।

### ट्रक पकड़ा गया तो खुला राज

जांच के दौरान एक ओवरलोड ट्रक को रोका गया, जिसके नंबर की जांच करने पर वह पूरी तरह फर्जी निकला। मौके पर ही 1,08,600 रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया। इसके बाद पूरे मामले की जांच तेज कर दी गई और कई और संदिग्ध ट्रकों की सूची तैयार की गई।

### टोल कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध

जिस तरह से फर्जी नंबरों पर रसीद काटी गई और नकद भुगतान लिया गया, उससे टोल कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। बिना अंदरूनी मिलीभगत के इतने बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा संभव नहीं माना जा रहा। सूत्रों का कहना है कि इस पूरे खेल में बड़े स्तर पर संरक्षण मिलने की आशंका है।

### सरोजनी नगर थाने में एफआईआर, जांच तेज

मामले की गंभीरता को देखते हुए सरोजनी नगर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस फर्जीवाड़े से जुड़े बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

### करोड़ों के राजस्व का नुकसान

सूत्रों की मानें तो रोजाना करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा था। ओवरलोड ट्रक न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।

### जनता की मांग—सख्त कार्रवाई हो

राजधानी में इस तरह का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद जनता में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि राजधानी में ही फर्जी नंबर और ओवरलोड ट्रकों का खेल चल रहा है, तो अन्य जिलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जनता ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# यूपी 2 करोड़ मतदाताओं की हुई छंटनी

## अब प्रदेश में 13.40 करोड़ वोटर्स, बृजेश पाठक की सीट पर सबसे ज्यादा 34% नाम कटे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ। यूपी में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वो मतदाता फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं।




### इन पांच जिलों में मतदाताओं की सर्वाधिक वृद्धि हुई

जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं, लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

### ब्रजेश पाठक समेत कई दिग्गजों की सीट का हाल जानिए

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 34.18 प्रतिशत मतदाता कम हुए हैं। 2022 में पाठक 39,512 वोट से जीते थे।
- आईटी मंत्री सुनील शर्मा के साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 316484 मतदाता कम हुए हैं।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र और बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह के नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 183887 मतदाता कम हुए हैं।
- लखनऊ उत्तर के बीजेपी विधायक नीरज बोरा का विधानसभा क्षेत्र भी टॉप 5 में रहा है। लखनऊ उत्तर में 154710 मतदाता कम हुए हैं।
- आगरा कैंट के बीजेपी विधायक गिरिराज सिंह धर्मेश के विधानसभा क्षेत्र में 147182 मतदाता कम हुए हैं।
- इलाहाबाद उत्तर के बीजेपी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के विधानसभा क्षेत्र में 145810 मतदाता कम हुए हैं।
- प्रतिशत में सबसे अधिक मतदाता कम होने वाले टॉप पांच विधानसभा क्षेत्र में तीन विधानसभा क्षेत्र लखनऊ जिले के हैं।

### लखनऊ में 22.89% तो गाजियाबाद में 20.24% वोटर कम हुए

- प्रतिशत के हिसाब से देखें तो यूपी में एसआईआर के बाद लखनऊ में सबसे ज्यादा 22.89%, गाजियाबाद में 20.24%, कानपुर नगर में 19.42%, गौतमबुद्ध नगर में 19.33% और मेरठ में 18.74% प्रतिशत मतदाता कम हुए हैं।
- विधानसभावार देखें तो साहिबाबाद में सबसे ज्यादा 3,16,484, नोएडा में 1,83,887, लखनऊ उत्तर में 1,54,710; आगरा कैंट में 1,47,182 और इलाहाबाद उत्तर में 1,45,810 मतदाता कम हुए हैं।
- विधानसभावार प्रतिशत की बात करें तो लखनऊ कैंट में सबसे ज्यादा 34.18%, इलाहाबाद उत्तर में 34.01%, लखनऊ ईस्ट में 31.01%, लखनऊ उत्तर में 31% और आगरा कैंट में 30.47% मतदाता कम हुए हैं।

### अंतिम सूची में 13.39 करोड़ मतदाता

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- 6 जनवरी को जो ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी हुई थी, उसमें 12,55,56,025 मतदाताओं के नाम थे। इसमें पुरुषों की संख्या 6,88,43,159 और महिलाओं की संख्या 5,67,08,747 थी।
- उन्होंने बताया कि अंतिम मतदाता सूची में 13,39,84,792 वोटर्स शामिल हैं। इसमें पुरुष मतदाता 7,30,71,061 यानी 54.54% और महिला मतदाता 6,09,09,525 (45.46%) हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 4,206 है। यानी 2,04,45,300 वोटर्स का नाम कट गया है।
- नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी से आज तक 8,15,996 नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। इनमें 3,50,436 फॉर्म में गलतियों की वजह से कटे हैं। 3,28,350 मतदाता गैर-मौजूद रहे। 79,076 नाम 2 जगह थे। 55,865 लोग मृत पाए गए। 2269 की उम्र 18 साल से कम मिली।

### लखनऊ में सबसे ज्यादा 9.17 लाख नाम कटे

सबसे ज्यादा 22.89% वोटर्स के नाम लखनऊ जिले में कटे। एसआईआर से पहले राजधानी में 39,94,535 वोटर थे। ड्राफ्ट सूची में 27,94,397 नाम रह गए। अंतिम सूची में 2,85,961 नाम बढ़े। इस हिसाब से यहां कुल 9,14,177 नाम कटे हैं। अब कुल 30,80,358 मतदाता रह गए हैं। प्रयागराज जिला दूसरे नंबर पर है। एसआईआर से पहले यहां 46,92,860 मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में 11,56,306 नाम कट गए और मतदाता 35,36,554 रह गए। अंतिम सूची में 3,29,421 नाम बढ़े। यानी यहां कुल 8,26,885 नाम कटे हैं। अब यहां 38,65,975 मतदाता रह गए हैं।

### यूपी में अब कितने पुरुष और महिला मतदाता?

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची में 13,39,84,792 वोटर्स हैं। इनमें पुरुष मतदाता 7,30,71,061 है। यह कुल वोटर्स का 54.54% है। वहीं, महिला मतदाता की संख्या 6,09,09,525 हैं। जो कुल वोटर्स का 45.46% है। तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 4,206 है। यह 0.01% से कम है।

### 2.88 करोड़ मतदाता कम हुए, 84.28 लाख नए मतदाता जुड़े

चुनाव आयोग के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2025 को 154430092 मतदाता थे। आज हुए अंतिम प्रकाशन में 133984792 मतदाता हैं। इनमें 84,28,767 नए मतदाता भी शामिल हैं। यदि नए मतदाता की संख्या कम की जाए तो 27 अक्टूबर 2025 की तुलना में कुल 28874067 मतदाता कम हुए हैं। इस तरह कुल 20445300 मतदाता कम हुए हैं।

### यूपी एसआईआर की पूरी प्रक्रिया

एसआईआर की प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 को शुरू हुई थी। 4 नवंबर से गणना शुरू हुई। पहले गणना फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 4 दिसंबर थी। बाद में इसे बढ़ाकर पहले 11 दिसंबर और फिर 25 दिसंबर किया गया। पहले ड्राफ्ट रोल 31 दिसंबर को प्रकाशित होना था।

# पशुपालन विभाग में घोटालों की बौछार!

## 1.2 अरब के 'सेक्स सॉर्टेड सीमन' से लेकर ट्रांसफर खेल तक भ्रष्टाचार उजागर करने पर एफआईआर की साजिश?




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग में कथित रूप से चल रहे कई बड़े घोटालों को लेकर एक बार फिर सियासी और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। विभाग से जुड़े मनोज कुमार अधिकारी/एसोसिएशन पदाधिकारी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि इन घोटालों को उजागर करने के कारण ही अब उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

### 'भ्रष्टाचार उजागर किया तो एफआईआर की तैयारी'

शिकायतकर्ता मनोज कुमार का आरोप है कि उन्होंने विभाग में हो रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को उजागर किया। इसी से नाराज़ होकर उनके खिलाफ कार्रवाई की साजिश रची जा रही है। बताया गया कि एक पत्र के आधार पर, जिसमें उन्हें फर्जी संगठन का सदस्य बताया गया, पशुधन मंत्री स्तर से उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### रजिस्ट्रार सोसाइटी से पंजीकृत

- पैन कार्ड उपलब्ध
- भारत सरकार के 'दर्पण' पोर्टल पर पंजीकरण
- बायलॉज प्रमाणित
- साथ ही, यह भी कहा गया कि सभी वैधानिक दस्तावेज पहले ही विभागीय कार्यालय में जमा कराए जा चुके हैं।

### 'एसोसिएशन वैध, सभी दस्तावेज मौजूद'

आरोपों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया गया है कि संबंधित पशु चिकित्सक एसोसिएशन पूरी तरह वैधानिक है।

### 'घोटालों की पूरी चेन' का आरोप

- शिकायत में दावा किया गया है कि पशुपालन विभाग में एक-दो नहीं बल्कि कई बड़े घोटाले एक साथ चल रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से
- ट्रांसफर-पोस्टिंग में करोड़ों का खेल
- लगभग 1.2 अरब रुपये का सेक्स सॉर्टेड सीमन घोटाला
- क्रय नीति का उल्लंघन कर घटिया दवाइयों की खरीद
- स्लॉटर हाउस में अरबों रुपये की राजस्व चोरी
- गोआश्रय निर्माण में वित्तीय अनियमितताएं
- इन सभी मामलों को लेकर कहा गया है कि बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिससे सरकारी धन की भारी क्षति हुई है।

### 'ट्रांसफर घोटाले का पुराना मामला फिर चर्चा में'

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि पिछले वर्ष लगभग 10 करोड़ रुपये के ट्रांसफर घोटाले की शिकायत मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचाई गई थी, जिसके बाद सभी ट्रांसफर निरस्त करने पड़े थे। अब आरोप है कि आगामी ट्रांसफर सत्र में फिर से बड़े पैमाने पर वही खेल दोहराने की तैयारी है, जिसे उजागर करने के कारण दबाव बनाया जा रहा है।

# हरिवंश नारायण सिंह फिर बने राज्यसभा सांसद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जनता दल (यूनाइटेड) नेता हरिवंश नारायण सिंह एक बार फिर से राज्यसभा सांसद बन चुके हैं। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा का नामित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। इस बार जदयू की ओर से हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा चुनाव में मौका नहीं दिया गया था। हालांकि, हरिवंश का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब उन्हें दोबारा नामित सदस्य के रूप में राज्यसभा भेज दिया गया है। हरिवंश का उच्च सदन के सदस्य के रूप में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो गया।

### पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई की जगह मिला मौका

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति के बाद राज्यसभा की सीट रिक्त होने पर उन्हें राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। 69 वर्षीय हरिवंश बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपने दो कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। वे उच्च सदन के उपसभापति के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। भारतीय राजनीति और पत्रकारिता के एक प्रमुख नाम हैं, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका जन्म 30 जून 1956 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों में गहरी रुचि विकसित की।



### नियुक्ति पर जारी हुई अधिसूचना

सरकार की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उपखंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उसी अनुच्छेद के खंड (3) के साथ पढ़ा जाए, तो राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों में से एक की सेवानिवृत्ति के कारण हुई रिक्ति को भरने के लिए हरिवंश नारायण सिंह को राज्य परिषद में मनोनीत करने की कृपा करती हैं।

### जदयू से बने थे पहली बार राज्यसभा सांसद

हरिवंश नारायण सिंह ने अपने करियर की शुरुआत पत्रकारिता से की। उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में काम करते हुए अपनी पहचान एक गंभीर और निष्पक्ष पत्रकार के रूप में बनाई। पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा। वे जनता दल (यूनाइटेड) से जुड़े और राज्यसभा के सदस्य बने।

### राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष दोनों से मधुर संबंध

साल 2018 में हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया। इस पद पर रहते हुए उन्होंने सदन की कार्यवाही को संतुलित और गरिमापूर्ण ढंग से संचालित करने का प्रयास किया। वे विभिन्न दलों के बीच संवाद बनाए रखने और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने के लिए जाने जाते हैं।

# मथुरा में बड़ा हादसा: यमुना नदी में नाव पलटने से 10 लोगों की मौत सीएम योगी ने जताया दुख

जन एक्सप्रेस। मथुरा

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। केसी घाट पर श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं।



### 10 श्रद्धालुओं की मौत

इस दुर्घटना में नाव सवार करीब 25 से 30 श्रद्धालु यमुना के पानी में डूब गए। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने इसकी पुष्टि की है। वहीं बाकियों की तलाश जारी है।

### बचाव कार्य और स्थिति

सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और बचाव दल का सहयोग करने की अपील की है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### सीएम योगी ने जताया दुख

हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, जनपद मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव व राहत कार्य संचालित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### पंजाब से आया था 150 लोगों का दल

जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से आया है और ये सभी उनमें ही शामिल थे। बताया गया है जिस नाव में लोग सवार थे वो भी पलट कर डूब गई है और उसकी तलाश भी जारी है। जिसकी यह नाव है वो प्राइवेट नाविक था।

# आतंकी कनेक्शन में बिजनौर से दो संदिग्ध गिरफ्तार, नेपाल भागने की फिराक में था पाक हैंडलर का गुर्गा

जन एक्सप्रेस। बिजनौर

आतंकी गतिविधियों में शामिल संदिग्ध उवैद और जलाल हैदर उर्फ समीर को बिजनौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उवैद पाकिस्तानी हैंडलर से बात करने के बाद नेपाल भागने की फिराक में था। मगर पुलिस ने इससे पहले ही दबोच लिया। साथ ही सऊदी में रहने वाले मेरठ निवासी आकिब, मैजुल और आजाद का लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। 23 नवंबर 2025 को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया गया। इंस्टाग्राम के जरिए की गई वीडियो कॉल में सऊदी में बैठा मेरठ के गांव सठला निवासी आकिब, दक्षिण अफ्रीका में रहने वाला मैजुल निवासी सौफतपुर थाना नांगल, आजाद निवासी इनामपुरा थाना मेरठ और उवैद निवासी टांडामाईदास थाना नगीना देहात शामिल हुए। इस वीडियो कॉल में आकिब ने एके-47 और हैंड ग्रेनेड का प्रदर्शन किया। यह वीडियो वायरल होने के बाद बिजनौर के थाना नांगल में आकिब, मैजुल और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बताया कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल उवैद मलिक और जलाल हैदर उर्फ समीर को गिरफ्तार कर लिया है। आजाद, मैजुल और आकिब का लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।



# बेसिक के बाद माध्यमिक शिक्षकों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी बढ़कर 25 लाख, 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति पर मिलेगा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

माध्यमिक शिक्षा विभाग के बाद शासन ने बेसिक में भी परिषदीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की राशि 20 लाख से बढ़ाकर अधिकतम सीमा 25 लाख तक किए जाने का निर्णय लिया है। बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय ने कहा है कि बेसिक शिक्षा परिषद व अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50 फीसदी हो गया है। इस पर ग्रेच्युटी-उपादान की राशि 20 लाख से बढ़ाकर अधिकतम 25 लाख करने का निर्णय लिया गया है। कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था दी गई है कि 60 साल की आयु का विकल्प दिए जाने पर सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी, मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम राशि 20 लाख तक सीमित है।

### एडेड के अभ्यर्थी तीन दिन और दे सकेंगे विकल्प

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक व शिक्षक के खाली पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में विकल्प देने की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त हो गई। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि काफी संख्या में अभ्यर्थियों ने विद्यालयों के विकल्प दिए हैं। जो अभ्यर्थी छूट गए हैं वे 12 अप्रैल तक अपना विकल्प दे सकते हैं। इसके बाद दिए गए विकल्प के आधार पर उनको विद्यालय आवंटित किया जाएगा।

# अध्यक्ष पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने फूंका असम सीएम का पुतला

जन एक्सप्रेस । बांदा

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में जनपद के प्रमुख कांग्रेस जन कचहरी स्थित अशोक लाट पर एकत्र होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर आक्रोशित कांग्रेस जनों द्वारा पुतला दहन किया गया और सरकार विरोधी नारेबाजी की गई।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि जब से प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से निरंतर विपक्ष को तरह-तरह के हथकंडे अपना के परेशान किया जा रहा है, हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जो एक दलित समुदाय से आते हैं, अमर्यादित टिप्पणी कर अपमानित करने का काम किया गया, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध सत्ता का दुरुपयोग कर मुकदमा पंजीकृत कर उनके आवास पर छापेमारी की गई 2 घंटे तक उनके आवास में अनेक दस्तावेज सहित अनेक महत्वपूर्ण



कागजात जो कांग्रेस पार्टी संबंधित थे अपने साथ उठाकर ले गए जिसे आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया, कांग्रेस पार्टी घोषणा करती है कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी इन सब बातों का मैं ब्याज के हिसाब चुकता करेगी, असम और केरल में कांग्रेस की सरकार बनते देख सत्ता पक्ष अपना आपा खो चुका है इन्हीं सब बातों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर अमर्यादित टिप्पणियां और मुकदमेबाजी विपक्ष को परेशान करने की दृष्टि से की गई है, कांग्रेस पार्टी इसका डटकर मुकाबला करेगी।इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य रमेश चन्द्र कोरी, प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी भगवानदीन गर्ग, पवन देवी कोरी, शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, जिला उपाध्यक्ष द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला एडवोकेट, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला महासचिव जीतेन्द्र गौरव, अमित तिवारी, राजेन्द्र गर्ग नाती, जिला सचिव बाबूराम यादव, हेमन्त कुमार वर्मा, कालीचरण साहू, अंकित साहू, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष बिसंडा शिवाकांत मिश्रा, जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## ट्रेन से आ रही महिला का चोरों ने किया बैग में भरे जेवर और नगदी साफ

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** ट्रेन से अपने मायके आ रही महिला का बैग से जेवर और नगदी समेत चोरों ने पार कर दिया लेकिन मुकदमे के लिए दर दर भटकने के बाद मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। लेकिन पीड़ित परेशान है। मामला सतना जिले के रहने वाली पूजा पत्नी मनीष शर्मा अपने ससुर राजकुमार शर्मा के साथ तीन दिन पहले मानिकपुर से जनपद के लिए सुबह 10 बजे ट्रेन में बैठी और कर्वी से तीन युवक उनकी सीट के बगल में बैठे और उनको बातों में लगाए रहे और इसके बाद नीचे रखे बैग को ऊपर रख दिया और इसके बाद एक युवक ऊपर की सीट में बैठ गया और इसके बाद जब भरतकूप के पास जब पीड़ित के बेटे को खाने के लिए भूँख लगी और जब बैग से खाना निकालने के लिए देखा तो बैग खुला था और बैग में रखे सोने का मंगलसूत्र,मनचली,2 सोने की अंगूठी और झुमका और चांदी की पायल बिछिया और 7 हजार रूपये पार नहीं थे लेकिन वो युवक भी नहीं थे जिसके बाद पीड़ित और उसके ससुर परेशान हो गए जिसको लेकर पहले कर्वी आर पी एफ में जाकर कैमरे में देखा और इसके बाद कर्वी जीआरपी थाना प्रभारी शालनी भदौरिया को अवगत करवाया लेकिन उन्होंने बांदा जनपद का मामला बताकर भगा दिया लेकिन बांदा जीआरपी में तहरीर देकर बताया तो उन्होंने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पॉलिथीन प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर होगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



अपर जिलाधिकारी (न्याय) एवं प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय अरुण कुमार द्वारा नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर शुक्रवार को एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर क्षेत्र के भवनों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार कुल 11,162 भवन पालिका अभिलेखों में दर्ज हैं, जिनमें 10,957 आवासीय, 69 शासकीय एवं 136 व्यावसायिक भवन शामिल हैं। समीक्षा के दौरान यूजर चार्ज को टैक्स के साथ अनिवार्य रूप से वसूलने के निर्देश दिए गए। पॉलिथीन प्रतिबंध एवं स्वच्छता अभियान को सख्ती से लागू करते हुए उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री नगरीय जन योजना, राज्य वित्त आयोग, बंधन योजना तथा पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर के जीवीपी के विलोपन एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त कर वसूली में सुधार लाने, पॉलिथीन अभियान को प्रभावी बनाने तथा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर विकास एवं स्वच्छता से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा जनसहभागिता बढ़ाते हुए स्वच्छ एवं विकसित नगर के लक्ष्य को प्राप्त किया जाए।

बैठक में अधिशासी अधिकारी लाल जी, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर भारत सिंह, एल.वी.सी. जग्गी लाल, डी.पी.एम. शिवा कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर रामकुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# विशेष पुनरीक्षण का कार्य हुआ पूरा, वोटरलिस्ट का अंतिम प्रकाशन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष पुनरीक्षण कार्य संपन्न करते हुए शुक्रवार को की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचक नामावलियों की प्रति उपलब्ध कराई। बैठक में डीएम ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीती छह जनवरी को आलेख्य प्रकाशन के समय जनपद में कुल 6,37,956 मतदाता दर्ज थे। जिनमें से विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट के 3,31,713 तथा 237 मानिकपुर के 3,06,243 मतदाता शामिल थे। पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया में कुल 30,242 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई। जिसमें चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में 14,909 तथा मानिकपुर में 15,333 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए। अंतिम प्रकाशन के अनुसार अब जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 6,68,198 हो गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट के 3,46,622 तथा 237 मानिकपुर के 3,21,576 मतदाता दर्ज किए गए हैं। नए आंकड़ों के अनुसार जनपद का जेण्डर रेशियों 822 है तथा जनपद में 18 से 19 आयु वर्ग के लगभग 9,179 मतदाता सम्मिलित है। बताया कि अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आमजन के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी, जिससे कोई भी नागरिक अपने नाम की पुष्टि कर सकता है।

इस मौके पर भाजपा के जिला महासचिव विपुल सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमर पटेल, अपना दल (सोनेलाल) के जिला महसचिव कैलाश सिंह एवं कम्युनिष्ट पार्टी आफ इण्डिया के मण्डल सचिव रूद्र प्रताप मिश्र आदि मौजूद रहे।

## 25 तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तहसील मऊ, मानिकपुर एवं राजापुर में प्रतियोगी परीक्षाओं नीट, जेईई एवं एक दिवसीय परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग में अध्यापन कार्य करने के लिए अनुभवी एवं कुशल विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जिसका चयन साक्षात्कार, ट्रायल, लेक्चर के माध्यम से किया जाएगा। नीट व जेईई से संबंधित विषय रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित में एमएससी प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अथवा एमबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, एमटेक, बीटेक डिग्री धारित करने वाले अभ्यर्थी व्याख्याताओं के रूप में चयनित किए जाएंगे। किसी ख्याति प्राप्त कोचिंग संस्थान के तीन वर्ष अनुभवी अध्यापक को वरीयता दी जाएगी, एक दिवसीय परीक्षा के शिक्षकों के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री प्राप्त एवं एसएससी या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कम से कम दो वर्षों का शिक्षक अनुभव होना चाहिए।

# प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभागीय वनाधिकारी उपनिदेशक टाइगर रिजर्व प्रत्यूष कटिहार की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और आगामी वृक्षारोपण लक्ष्यों को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रभागीय वनाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों किनारे कूड़े के ढेर न लगाए जाएं। उन्होंने कूड़े के निस्तारण के लिए चिह्नित स्थलों एवं विकसित किए गए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर्स का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। वाल्मीकि आश्रम की स्वच्छता के लिए गठित विशेष समिति को सक्रिय कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनपद की नदियों के पुनरुद्धार के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने तटवर्ती क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण पर बल दिया। जिला परियोजना प्रबंधक ने अवगत कराया कि नदियों के कायाकल्प की विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जा चुकी है। पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिगत सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल से निर्मित उत्पादों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाए ताकि इनका प्रचलन पूर्णतः बंद हो सके। प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 16 भू-भाग को वनाच्छादित करना है, के सापेक्ष लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागाध्यक्षों को अपने निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद में स्थापित 29 पौधशालाओं (नर्सरी) की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया। जल संचयन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद को मिले पिछले पुरस्कार का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस वर्ष भी ट्रेंच विधि के माध्यम से अधिकतम जल संचयन कर पौधशालाओं को सिंचित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ पर्यावरण सुधार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, डीसी मनरेगा डीएन पाण्डेय, जिला परियोजना निदेशक सत्यपाल सिंह यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह, आशीष रघुवंशी, अजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्टार्टअप इको सिस्टम के विकास को देंगें बढावा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को मजबूत करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत देश के 132 जिलों में तेजस पहल (राज्यों और जिलों में उद्यमिता यात्राओं में बदलाव) शुरू की है। इस संबंध में प्रदेश सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला आगामी 16 अप्रैल को जनपद के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम, सोनेपुर में आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला देश के 132 जिलों में तेजस पहल के व्यापक कार्यान्वयन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना है। तेजस पहल का मुख्य उद्देश्य उभरते हुए उद्यमियों, स्टार्टअप्स और छात्रों विशेष रूप से गैर महानगरीय और कम सुविधा वाले क्षेत्रों की पहचान करना, उन्हें संवारना और उनका समर्थन करना है। यह संस्थागत सहयोग, मार्गदर्शन और उद्यमों को स्थापित करने तथा उनका विस्तार करने के लिए आवश्यक प्रासंगिक संसाधनों तक पहुँच को सुगम बनाकर किया जाता है। इसी क्रम में, इस पहल के तहत आगामी 16 अप्रैल को जनपद में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें लगभग 250 छात्रों, युवाओं और उद्यमी भाग ले सकते हैं। यह कार्यशाला नए व्यावसायिक विचारों, वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता के अन्य प्रमुख पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेगी। इसमें जिले के प्रशिक्षक, वित्तीय विशेषज्ञ और सफल स्टार्टअप उद्यमी अपने अनुभव और मार्गदर्शन साझा करेंगे। जनपद चित्रकूट में कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ, हस्तशिल्प और साथ ही पर्यटन जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता की अपार संभावनाएँ हैं, जिन्हें यहाँ के समृद्ध प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों का समर्थन प्राप्त है। तेजस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को विशिष्ट क्षेत्रों से संबंधित गहन जानकारी प्राप्त होगी, जिससे वे स्थानीय अवसरों की पहचान कर सकेंगे और टिकाऊ बाजार अनुकूल उद्यम स्थापित कर सकेंगे। इस सत्र का संचालन विभिन्न इकोसिस्टम भागीदारों के सहयोग से किया जाएगा। इस सत्र में उद्यमिता जीवनचक्र के प्रमुख पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता, स्टार्टअप्स को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता दिलाने के महत्व और प्रक्रिया के बारे में जानकारी, वित्तपोषण के अवसरों तक पहुँच, बाजार से जुड़ाव और विशिष्ट क्षेत्रों में नवाचार के मार्गों से संबंधित मार्गदर्शन शामिल होंगे। यह पहल भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमशीलता की क्षमता को उजागर करना और संतुलित व समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।कार्यशाला के संबंध में बीते 6 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा कार्यशाला को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकरी डी.पी. पाल, उपायुक्त उद्योग संदीप केशरवानी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रतिनिधि गोस्वामी तुलसीदास राजकीय पी.जी. कॉलेज, प्रधानाचार्य आई.टी.आई., प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चकबंदी ग्रामों की फर्जी रजिस्ट्री की हो जांच,भा.क.यू. ने जिलाधिकारी से की मांग

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** चकबंदी ग्रामों में दलितों, मृतकों अशिक्षित किसानों की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री की एसआईटी जांच की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी ने डीएम को दिये ज्ञापन में कहा है कि ग्राम हटेटी पुरवा में लगभग 10 बीघे भूमि के दो फर्जी बैनामे 2024 व 2025 दलित महिला चुनिया बेवा परसादी निवासी कनवारा की करायी गई। जबकि चुनिया की मृत्यु पांच वर्ष पहले हो चुकी थी। इसी प्रकार कई अन्य फर्जी बैनामे कराये गये हैं। इन सबकी एसआईटी जांच कराते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय प्रदान किया जाये। इस मौके पर धीरज शर्मा, बलराम तिवारी, महेन्द्र सिंह, मनोज निगम, रोहित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# चकबंदी ग्रामों की फर्जी रजिस्ट्री की हो जांच, भा.क.यू. ने जिलाधिकारी से की मांग



जन एक्सप्रेस । बांदा

चकबंदी ग्रामों में दलितों, मृतकों अशिक्षित किसानों की जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री की एसआईटी जांच की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी ने डीएम को दिये ज्ञापन में कहा है कि ग्राम हटेटी पुरवा में लगभग 10 बीघे भूमि के दो फर्जी बैनामे 2024 व 2025 दलित महिला चुनिया बेवा परसादी निवासी कनवारा की करायी गई। जबकि चुनिया की मृत्यु पांच वर्ष पहले हो चुकी थी। इसी प्रकार कई अन्य फर्जी बैनामे कराये गये हैं। इन सबकी एसआईटी जांच कराते हुए सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय प्रदान किया जाये। इस मौके पर धीरज शर्मा, बलराम तिवारी, महेन्द्र सिंह, मनोज निगम, रोहित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक के अथक प्रयासों से 138.89 लाख से कबीर आश्रम का होगा कायाकल्प, पर्यटन विभाग ने दी मंजूरी

जन एक्सप्रेस । बांदा

जनपद के विकास खण्ड बड़ोखर की ग्राम पंचायत भरखरी स्थित पवित्र कबीर आश्रम के समग्र पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग द्वारा रूपये 138.89 लाख की महत्वपूर्ण धनराशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को नामित किया गया है, जिसे प्रथम किस्त के रूप में रूपये 70 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत कबीर आश्रम को एक आकर्षक एवं सुविधायुक्त पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत यात्री हाल का निर्माण, भव्य मुख्य प्रवेश द्वार, रेड स्टोन एवं कोटा स्टोन से फर्श का कार्य, सोलर स्ट्रीट लाइट एवं बोलार्ड



लाइट की स्थापना, आर.सी.सी. बेंच, डस्टबिन एवं साइनेज लगाए जाएंगे। साथ ही सैंड स्टोन म्यूरल, सुगम पाथ-वे, शुद्ध पेयजल हेतु वाटर कूलर, तथा आकर्षक हार्टिकल्चर एवं लैंडस्केपिंग का कार्य भी कराया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से न केवल क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पर्यटन मंत्री के प्रति इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति हेतु हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी और कबीर आश्रम को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थान दिलाने में सहायक बनेगी।

## त्रिस्तरीय पंचायतों की वोटरलिस्ट का 22 अप्रैल को होगा अंतिम प्रकाशन

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय पुलकित गर्ग ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन क्रम में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावाली का समय सारणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण संपन्न कराए जाने की सूचना है। जिसमें मतदाता सूचियों की कंप्यूटरीकरण के बाद मतदान केंद्र स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसबीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग फोटो प्रतियां आदि कार्य आगामी 21 अप्रैल तक होगें। निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन आगामी 22 अप्रैल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा।

# प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला कारागार में इला चैधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

नरीक्षण के दौरान जिला कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। जिसमें अनुरक्षित समस्त पंजिकाओं को देखा गया। समस्त पंजिकाओं की प्रवृष्टियां नियमानुसार अंकित पायी गईं। लीगल एड क्लीनिक में नियुक्त पैरालीगल वालेण्टियर्स को निर्देशित किया गया कि यदि कोई बन्दी अपने मुकदमें की पैरवी के लिए व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम है, तो नियमानुसार पत्राचार करते हुए अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से बन्दी के मुकदमें की पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

इसी क्रम में जिला कारागार में बन्दियों के हित में नशीली दवाओं, धूम्रपान एवं शराबखोरी का उन्मूलन विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक द्वारा बताया गया कि शराब और नशीली दवाओं का सेवन उनके लिए, उनके परिवार, दोस्तों और पूरे समाज के लिए बेहद खतरनाक है। युवाओं में नशीली दवाओं और शराब का सेवन सड़क दुर्घटनाओं, हिंसा, आत्महत्या, शैक्षणिक असफलता और अन्य जोखिम भरे व्यवहारों से सीधे तौर प्रभावित करता है। नशे के सेवन से व्यक्ति का शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान होता है।

कुलदीप सिंह सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा बताया गया कि नशे के सेवन या दवाओं को असुरक्षित तरीके से उपयोग करने के कई शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को और भी बदतर बना सकता है। शराब के सेवन से लीवर रोग, हृदय रोग, मधुमेह, अल्सर और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं, तथा नींद की समस्याएँ होती है। इसलिए हर व्यक्ति को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। बन्दियों के मध्य बताया गया कि ऐसे बन्दी जिनकी अपीलें उच्च न्यायालय में दाखिल करने में कोई कानूनी समस्या आती है, तो वे अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवेदन देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इसी क्रम में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में 19 महिला बन्दी निरूद्ध पायी गईं। महिला बन्दियों से समस्याओं के बारें जानकारी प्राप्त की गयी। किसी महिला बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। सचिव इला चैधरी द्वारा आगामी 15 अप्रैल को होने वाली अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के विषय में चर्चा की गयी। अधीक्षक जिला कारागार को पात्र बन्दियों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। समिति द्वारा प्राप्त सूचना व आंकणों की समीक्षा की जाएगी।

इस अवसर पर कुश कुमार सिंह अधीक्षक जिलाकारागार, सुनील कुमार वर्मा जेलर, गुलाब सिंह यादव उपकारापाल, योगेन्द्र सिंह सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 11 अप्रैल, 2026





**'सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन...**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने... पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ में नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल का शुभारंभ, सीएम योगी बोले, हमारी दिनचर्या बदली तो परिणाम हमारे सामने हैं

## 'स्मार्टफोन पर 6 घंटे खर्च करना भी बीमारी': योगी बोले, किडनी खराब तो चल जाएंगे, हार्ट ब्लॉक हुआ तो दूसरे लोक की यात्रा हो जाएगी

- भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अस्पतालों की ओपीडी पर अत्यधिक दबाव है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में रोजाना 12,000 से 14,000 मरीज ओपीडी में आते हैं, जबकि पीजीआई में यह संख्या 10,000 से 11,000 के बीच है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मरीजों के एक साथ अस्पताल आने पर डॉक्टरों के लिए इलाज करना कितना चुनौतीपूर्ण हो जाता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। सीएम ने कहा कि आज के समय में स्मार्टफोन भी कई बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। 4 से 6 घंटे तक स्मार्टफोन का उपयोग करना भी एक तरह की बीमारी है। उन्होंने कहा कि हृदय शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। किडनी खराब होने पर व्यक्ति डायलिसिस के सहारे जीवन जी सकता है, लेकिन यदि हृदय में ब्लॉकेज हो जाए तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री, शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल 2026 को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है।



### मेडिकल डिवाइस और सस्ती दवाओं का फार्मा पार्क बन रहा

सीएम योगी ने कहा, सीएम रिलीफ फंड से मैंने खुद 1400 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है। इससे पहले जो आयुष्मान कार्ड से वंचित थे उन्हें सीएम जन आरोग्य से मेडिकल कवर दिया है। अभी हाल ही में शिक्षकों, आंगनबाड़ी सहित बड़ी संख्या में लोगों को कवर किया जा रहा है। हर जिले में आईसीयू का निर्माण हुआ। कैथलैब भी बनाई गई है। निजी क्षेत्र में हमने काम किया है। टेली कंसल्टेशन के साथ वर्चुअल आईसीयू की व्यवस्था भी की है। सुविधा बढ़ाने के साथ सरकार के स्तर भी काम हो रहे हैं। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क और अच्छी और सस्ती दवाओं के लिए फार्मा पार्क भी बनाया जा रहा है।

### बचाव से ज्यादा जागरूकता पर ज्यादा फोकस करना चाहिए

सीएम योगी ने कहा- मेरा मानना है कि बचाव के पक्ष पर ज्यादा ध्यान देकर अवेयरनेस पर ज्यादा फोकस करना चाहिए। जिस तेजी के साथ ऐसी बीमारियों का फैलाव हुआ है, ये हम सबके लिए चिंता का विषय है। ऐसा नहीं है कि सरकार की तरफ से प्रयास नहीं हुए हैं। पहले ऐसी बीमारी की चपेट में परिवार का कोई सदस्य आता था, सबसे पहले चिंता होती थी कि इलाज का खर्चा कैसे जुटाया जाएगा, पर आज दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम भारत मे चल रही है। इससे लोगों को खर्चे की चिंता नहीं हो रही है।

### 4 से 6 घंटे स्मार्टफोन पर खर्च करना नई बीमारी : योगी

सीएम योगी ने कहा- गवर्नमेंट संस्थानों में भीड़ लगती है। केजीएमयू में रोजाना की 12000 से 14000 की ओपीडी है। एसजीपीजीआई में 10000 से 11000 की ओपीडी है। ये आज की स्थिति है। 4 से 6 घंटे सामान्य व्यक्ति के स्मार्ट फोन पर खर्च हो रहे हैं जो ये नई बीमारी है। जिस तेजी के साथ लोगों में डायबीटीज हो रही है, ये हम सबके लिए एक चुनौती है। गवर्नमेंट अपने तरीके से काम करती है, अवेयर करती है पर यही काम जब डॉक्टर करता है तो लोग इस पर भरोसा करते हैं।

### सीएम योगी की मुख्य बातें...

- यूपी अब बीमारू राज्यों से बाहर आ गया है। 1 साल (2025) में मैंने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड से राज्य के लोगों को इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपए फंड से दिए। इसके अलावा लोगों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से भी 5 लाख रुपए की सहायता मिल रही है। जिनको इनसे लाभ नहीं मिला, उन्हें सीएम जन आरोग्य योजना से लाभान्वित किया।
- यूपी में पहले 17 मेडिकल कॉलेज थे। केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर 81 मेडिकल कॉलेज बनवा दिए। एसजीपीजीआई और केजीएमयू में टेलीमेडिसिन के साथ टेली आईसीयू की भी सुविधा शुरू कर दी गई है। टेली आईसीयू वर्चुअल आईसीयू की व्यवस्था है।

### बीमारू भारत के साथ सशक्त भारत का सपना नहीं देख सकते

सीएम योगी ने कहा- स्वतंत्रता के 100 साल पूरे होने पर जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, तब बीमारू भारत के साथ हम सशक्त भारत का सपना नहीं देख सकते हैं। किडनी खराब होने पर डायलिसिस से व्यक्ति चल सकता है, पर अगर हार्ट ब्लॉक होता है, उसके साथ दूसरे लोक की यात्रा प्रारंभ हो जाती है।

### शादियों में खाने की क्वालिटी की कोई गारंटी नहीं

सीएम योगी ने कहा- मैंने इस दिवाली से ठीक पहले खाद्य पदार्थ पर मिलावट के खिलाफ छापेमारी करने के निर्देश दिए थे। सुबह 4 से 6 बजे के करीब सुबह छापेमारी हुई तो हजारों किलो मिलावटी खोवा नष्ट किया गया। शादी और ब्याह के फंक्शन में जब जाते होंगे तो क्या गारंटी की कैसा खाना मिल रहा है। समय से जागने की आदत डालें। देर रात तक स्मार्टफोन का उपयोग बंद कर दें। गरीब को हार्ट की बीमारी कम होती है क्योंकि वह मेहनत खूब करता है। अब ऐसी बीमारी से इलाज की दिशा में भी हम अहम कदम उठा सकते हैं।

### 'यूनिवर्सिटी का यह हॉल अटलजी के व्यक्तित्व जैसा विराट'

सीएम योगी ने कहा, इस यूनिवर्सिटी में पहली बार इतनी बड़ी कॉन्फ्रेंस हो रही है। पहली बार कार्डियोलॉजी कॉन्फ्रेंस करने के लिए यहां की जब लोकल कमेटी मुझसे मिली तो मुझे लगा कि किसी होटल या केजीएमयू या एसजीपीजीआई में कॉन्फ्रेंस होगी। लेकिन, जब मुझे पता चला कि ये अटल विश्वविद्यालय में होगा, तो पहले मुझे विश्वास नहीं हुआ। इस विश्वविद्यालय में पहली बार मैं आया हूं, इस विश्वविद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन भी मैंने किया था, पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बनी इस यूनिवर्सिटी का भव्य कॉन्फ्रेंस हॉल उनके विराट व्यक्तित्व की तरह हैं।

### मंच पर ये हैं मौजूद

इस दौरान सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. धीमन कहाली, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. सत्येंद्र तिवारी, एसजीपीजीआई के एचओडी प्रो. आदित्य कपूर, केजीएमयू के एचओडी प्रो. ऋषि सेठी और डॉ. शरत चंद्रा मौजूद हैं।

# राजधानी में गैस माफिया का आतंक

## 4 किलो कम सिलेंडर, शिकायत पर भी खामोशी-पत्रकारों को धमकी, सिस्टम मौन

- 10 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, डीएसओ से लेकर डीएम कार्यालय तक जवाबदेही से बचता तंत्र

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी में गैस माफिया का खेल बेखौफ जारी है। उपभोक्ताओं के हक पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। ताज़ा मामला तेलीबाग स्थित त्रिवेदी गैस सर्विस का है, जहां एक सिलेंडर में पूरे चार किलो गैस कम निकली। जब इस घोटाले को उजागर किया गया तो कार्रवाई तो दूर, उल्टा पत्रकारों को ही धमकियां मिलने लगीं। इस गंभीर खुलासे को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो संचालक विक्की गुप्ता पर कोई कार्रवाई हुई, न ही संबंधित गैस हॉकर पर। सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है यह खेल?



लखनऊ में गैस माफिया बेखौफ: 4 किलो कम निकला सिलेंडर, पत्रकारों को ही मिली धमकी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

तौल में खुली लूट- 4 किलो गैस गायब

पूरे 4 किलो गैस कम

कैमरे में कैद सच, हाकर ने खोला राज

पुलिस का पलटवार- आरोपी नहीं, पत्रकार निशाने पर

सबूत जब्त या गायब करने की साजिश?

पुराना आरोपी, फिर भी कार्रवाई शून्य

फिर सवाल वही

बड़ा सवाल: सिस्टम किसके साथ?

मांग: निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई

निष्कर्ष: यह सिर्फ गैस चोरी नहीं, सिस्टम की विफलता है

### सबूत भेजे, फिर भी डीएसओ खामोश

जन एक्सप्रेस के संवाददाता ने पूरे मामले का वीडियो साक्ष्य सहित तीन बार डीएसओ लखनऊ को व्हाट्सएप पर भेजा। इसके बाद कई बार फोन कर फॉलोअप भी किया गया, लेकिन हर बार सिर्फ चुप्पी ही मिली। क्या यह चुप्पी महज लापरवाही है या फिर किसी बड़े खेल की आहट?

### डीएम कार्यालय का रवैया भी सवालों के घेरे में

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी लखनऊ को भी अखबार की कटिंग भेजकर अवगत कराया गया। उस समय डीएम के पीआरओ ने फोन पर आश्वासन दिया- 'दिखवाते हैं '। लेकिन 10 दिन बाद जब दोबारा संपर्क किया गया, तो वही पीआरओ अब प्रार्थना-पत्र देने की सलाह देने लगे। यानी, वीडियो सबूत, अखबार की खबर- सब कुछ बेअसर, और कार्रवाई के लिए अब 'अर्जी' जरूरी!

### लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी उपेक्षित?

सबसे बड़ा सवाल यही है जब एक जिम्मेदार अखबार की खबर और ठोस साक्ष्य पर भी प्रशासन भरोसा नहीं कर रहा, तो आम जनता की शिकायतों का क्या हश्र होता होगा? क्या अब हर सच को साबित करने के लिए 'प्रार्थना-पत्र' की मुहर जरूरी होगी? क्या लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी अब जांच के कटघरे में खड़ा किया जाएगा?

### माफिया बनाम सिस्टम: किसकी जीत?

राजधानी में गैस माफिया का यह बेखौफ रवैया और प्रशासन की यह चुप्पी साफ संकेत देती है कि कहीं न कहीं सिस्टम कमजोर पड़ रहा है-या फिर जानबूझकर कमजोर बनाया जा रहा है। जब घोटाला सामने हो, सबूत मौजूद हों, और फिर भी कार्रवाई न हो, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं- बल्कि व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

**(जनता पूछ रही है: आखिर कब जागेगा प्रशासन?)**

# लखनऊ के सरसवां में गेहूं के खेतों में लगी आग,ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू, फायर बिग्रेड की गाड़ी नहीं पहुंची



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब के सरसवां गांव में शुक्रवार दोपहर गेहूं के कई खेतों में भीषण आग लग गई। बता दें कि आग तेजी से फैलते हुए आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीण काफी देर तक आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। आग से करीब 30 बीघा गेहूं का फसल जल गया।ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन काफी समय तक पुलिस या फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# भारत स्वदेशी तकनीक से संचार क्रांति की ओर अग्रसर: केशव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विज़न है कि देश के हर नागरिक तक संचार सुविधाएं सुलभ हों। प्रधानमंत्री द्वारा 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी तकनीक आधारित 4जी सेवाओं का शुभारंभ 27 सितम्बर 20 23 को उड़ीसा से किया गया, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। आज भारत स्वदेशी तकनीक आधारित संचार क्रांति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और बीएसएनएल के प्रति लोगों का विश्वास एवं रूझान लगातार बढ़ रहा है। श्री मौर्य लखनऊ स्थित भूतनाथ टेलीफोन एक्सचेंज के सभागार में बीएसएनएल अधिकारी संघ की सेंट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में बीएसएनएल स्वदेशी तकनीकः अवसर और चुनौतियाँ विषयक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल के साथ उनकी पुरानी यादें जुड़ी हैं और सांसद रहते हुए वे दूरसंचार की एक समिति से भी जुड़े रहे हैं। उन्होंने बीएसएनएल की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गठन के बाद देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु क्रांतिकारी कदम उठाए गए। बीएसएनएल के पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है और किसी दृष्टि से पीछे नहीं है। आवश्यकता है कि समर्पण और बेहतर रणनीति के साथ कार्य कर इसे देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी बनाया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बीएसएनएल देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा। भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगा रहा है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में बीएसएनएल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में आज भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बीएसएनएल की सेवाओं पर विश्वास करते हैं। हमें हर कार्य राष्ट्रहित में करना चाहिए और दूरसंचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने होंगे। स्वदेशी तकनीक को अपनाकर भारत वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सस्ती, गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड देश की प्रमुख सरकारी दूरसंचार कंपनी है, जो स्वदेशी तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। इससे न केवल विदेशी निर्भरता कम होगी, बल्कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय उद्योगों एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा तथा डेटा और साइबर सुरक्षा सुदृढ़ होगी। स्वदेशी तकनीक को वैश्विक मानकों पर खरा उतारना,अनुसंधान एवं विकास में निरंतर निवेश करना, नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है। चुनौतियों का समाधान प्रभावी रणनीति, सतत प्रयासों से संभव है।

# 'टायर फटे तो जिम्मेदारी भी फट गई!

## एजेंसी ने झाड़ा पल्ला, उद्योग विभाग बोला 'हमारा काम नहीं'



कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, हरदोई।

पत्रांक 39 /जि0उ0प्रो0एवं उ0वि0के0(ह0)/जनसुनवाई/2025-26 दिनांक 10/04 2026

श्री आशीष कुमार सिंह
ग्रा0 सिकन्दरपुर कोथावा
जिला-हरदोई।

आपके शिकायत संख्या-40015526019419 दिनांक 06-03-2026 के सम्बंध में अवगत कराना है कि आप द्वारा अवगत कराया गया है मैने सोनालिका ट्रेक्टर मंसूरी आटोमोबाइल्स प्रतापनगर चौराहा से खरीदा। परन्तु उक्त ट्रैक्टर के टायर में दरारे दिखाई दे रही है, जिसको एजेन्सी द्वारा बदला नहीं जा रहा है। अतैव उक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्बन्धित नहीं है। अपनी शिकायत पुलिस विभाग मे दर्ज करा सकते है।

उपायुक्त उद्योग
जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र,
हरदोई



नए ट्रैक्टर में 'टायर कांड'!

- जनसुनवाई शिकायत 40015526019419 बनी मजाक, पीड़ित को थमाया पुलिस का पता, उपभोक्ता अधिकारों पर सीधा प्रहार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

**हरदोई।** एक तरफ सरकार 'जनसुनवाई' को आम आदमी के न्याय का सबसे बड़ा मंच बताती है, दूसरी तरफ उसी मंच पर दर्ज शिकायतों का जिस तरह निस्तारण किया जा रहा है, वह व्यवस्था की पोल खोल रहा है। ग्राम सिकन्दरपुर कोथावा निवासी साधना सिंह ने प्रतापनगर चौराहा स्थित मंसूरी ऑटोमोबाइल्स से सोनालिका ट्रैक्टर खरीदा था। आरोप है कि कुछ ही समय में ट्रैक्टर के टायरों में दरारें पड़ गईं-यानी नई गाड़ी, लेकिन हालत पुरानी जैसी। जब पीड़ित ने एजेंसी से शिकायत की, तो उसे राहत देने के बजाय सीधे हाथ खड़े कर दिए गए। टायर बदलने से साफ इनकार-मानो ग्राहक नहीं, बोझ हो। न्याय की उम्मीद में 06 मार्च 2026 को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40015526019419 दर्ज कराई गई, लेकिन यहां भी कहानी वही-न कार्रवाई, न जवाबदेही। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, हरदोई ने अपने पत्रांक 39, दिनांक 10 मई 2026 में साफ लिख दिया-'यह मामला हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। 'और इसके साथ ही पीड़ित को पुलिस के पास जाने की सलाह देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया।

### ऐसे मामलों में एजेंसी की जिम्मेदारी बनती है कि वह:

- उत्पाद बदले
- या मरम्मत करे
- या उचित मुआवजा दे
- लेकिन यहां उल्टा हो रहा है- एजेंसी चुप, विभाग गायब और सिस्टम निष्क्रिय।

### बड़े सवाल जो जवाब मांगते हैं

- क्या मंसूरी ऑटोमोबाइल्स उपभोक्ताओं को दोषपूर्ण उत्पाद बेचकर जिम्मेदारी से बच सकती है?
- क्या उद्योग विभाग का काम सिर्फ फाइल आगे बढ़ाना है, समाधान देना नहीं?
- क्या जनसुनवाई अब सिर्फ 'रसीद काटो और भूल जाओ' योजना बनकर रह गई है?

### पीड़ित की पीड़ा

साधना सिंह का कहना है कि उन्होंने भरोसे के साथ ट्रैक्टर खरीदा था, लेकिन अब वे न एजेंसी से न्याय पा रहे हैं, न सरकारी तंत्र से। उन्हें विभागों के बीच इस तरह घुमाया जा रहा है, जैसे जिम्मेदारी किसी की हो ही नहीं।

### अब देखना यह है...

क्या प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर एजेंसी से जवाब तलब करेगा? या फिर यह मामला भी 'अधिकार क्षेत्र नहीं' की फाइलों में दबकर रह जाएगा?

# गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर ऊर्जा मंत्री ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- जनता सर्वोपरि :उपभोक्ता हित में त्वरित समाधान करना होगा-शर्मा
- स्मार्ट मीटर व्यवस्था को पारदर्शी और उपभोक्ता अनुकूल बनाने पर जोर
- जागरूकता, मॉनिटरिंग और जवाबदेही पर ऊर्जा मंत्री का विशेष फोकस

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज लखनऊ में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल तथा प्रदेश के डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक कर आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की तैयारियों का मूल्यांकन किया। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देना है। 'सिस्टम में जनता सर्वोपरि है ', अधिकारी उपभोक्ता हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें और शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण करें।स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में किसी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे उपभोक्ता स्मार्ट मीटर के लाभों, उपयोगिता एवं संचालन प्रणाली को भली-भांति समझ सकें। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जागरूक किया जाए तथा बैलेंस समाप्त होने से पूर्व उन्हें समय से सूचना उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी उपभोक्ता का बैलेंस रात्रि के समय समाप्त होता है, तो उसका विद्युत कनेक्शन रात में नहीं काटा जाएगा। अवकाश के दिनों में भी किसी उपभोक्ता का कनेक्शन विच्छेदित नहीं किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए मंत्री ने अलग काउंटर स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके और उन्हें भटकना न पड़े। शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं उत्तरदायी बनाया जाए।बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से क्षमता वृद्धि के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। ट्रांसफार्मर, फीडर एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं को समय रहते सुदृढ़ किया जाए ताकि गर्मी के दौरान बढ़ती मांग के बावजूद निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। फील्ड स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग, जवाबदेही तय करने और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिया। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार सहित डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के आदर्श राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत: केशव

- अखंड भारत की अवधारणा को साकार करने वाले महान राष्ट्रनिर्माता थे चन्द्रगुप्त मौर्य

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चक्रवर्ती सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपने अद्वितीय पराक्रम, अटूट संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर विभाजित भारत को एक राजनीतिक सूत्र में पिरोकर एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखी। उनका प्रेरणादायी जीवन आज भी हमें राष्ट्र निर्माण के पथ पर समर्पण और निष्ठा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अपने उत्कृष्ट रणनीतिक कौशल और अपराजेय साहस के बल पर चन्द्रगुप्त मौर्य ने सोलह महाजनपदों में विभाजित भारत को एकजुट किया, विदेशी षड्यंत्रों का प्रभावी प्रतिकार किया तथा एक शक्तिशाली मौर्य साम्राज्य की स्थापना की, यह उनके असाधारण नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। श्री मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य केवल एक महान शासक ही नहीं थे, बल्कि 'अखंड भारत' की अवधारणा को साकार रूप देने वाले युगपुरुष एवं राष्ट्रनिर्माता थे। उनका जीवन भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आज भी हमें एकता, शक्ति और आत्मगौरव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।उप मुख्यमंत्री ने सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# किसान और व्यापारी के हित में रही हैं चौ. चरण सिंह की नीतियां: रालोद

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में आज सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अनीता यादव के अथक प्रयासों से बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रमुख रूप से उषा मौर्य, रेणुका वर्मा, राम लोटन एवं अंजू रावत सहित कई लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों एवं विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया। मुख्य अतिथि रोहित अग्रवाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की नीतियां सदैव किसानों और व्यापारियों के हित में रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उन्हीं आदर्शों और सिद्धांतों पर चलते हुए व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज के बदलते आर्थिक परिवेश में छोटे और मध्यम व्यापारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे समय में राष्ट्रीय लोकदल उनकी आवाज बनकर खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा, और व्यापार को सुगम बनाने के लिए सदैव संघर्षरत रही है।

# संजय निषाद पहुंचे सोनभद्र, किया रिहंद एवं ओबरा बांध का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- हम और हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हैं और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

मंत्री मत्स्य विभाग डॉ. संजय कुमार निषाद ने प्राप्त हो रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए सोनभद्र में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्थापित रिहंद बांध एवं ओबरा बांध का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के साथ निदेशक मत्स्य एनएस रहमानी संयुक्त निदेशक अनिल कुमार उपनिदेशक नियोजन उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग एजाज़ नकवी, उपनिदेशक वाराणसी मंडल सुरेश कुमार, उपनिदेशक मिर्जापुर मंडल धर्मेंद्र बघेल, जिला अधिकारी सोनभद्र द्वारा नामित एडीएम न्यायिक एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित सीओ पिपरी एवं सदर, सहायक निदेशक मत्स्य सोनभद्र मौके पर उपस्थित रहे। मंत्री ने रिहंद एवं ओबरा केज का भौतिक निरीक्षण किया। श्री निषाद ने रिहंद जलाशय क्षेत्र में शिकायतकर्ता पूजा देवी के घर पहुँचकर समस्या सुनी। शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा पैसों की मांग की जाती है तथा कार्य करने से रोका जाता है। मंत्री ने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को किसी भी प्रकार की धमकी या कार्य में बाधा नहीं दी जानी चाहिए।केज सिस्टम में पाई गई खामियों की निदेशक एवं संयुक्त निदेशक के साथ बारीकी से जांच कराते हुए आगामी तीन कार्यदिवस के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कई दिनों से मिर्जापुर मंडल सहित अन्य स्थानों पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं अन्य योजनाओं में घालमेल की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिपोर्ट तैयार कर तीन कार्यदिवस में प्रेषित करे, यदि एक भी शिकायत सही पाई जाती है तो मत्स्य विभाग में ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो नज़ीर बनेगी। हम और हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हैं और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम ने नगर पालिका में विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया विशेष जोर

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



शुक्रवार को जिले के नगर पालिका बलरामपुर अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए कार्यों में तेजी लाने एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा स्पोर्ट्र्स स्टेडियम के पास निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो और गुणवत्ता के साथ कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य नागरिकों की दैनिक सुविधाओं से जुड़ा होता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बुद्ध पार्क के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क को और अधिक आकर्षक, स्वच्छ एवं नागरिकों के अनुकूल विकसित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भविष्य में एक प्रमुख सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां हर आयु वर्ग के लोग बेहतर वातावरण में समय व्यतीत कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूरे क्षेत्र को ग्रीन जोन एवं ÷गौरव पथ÷ के रूप में विकसित किए जाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे नगर की सुंदरता एवं पर्यावरणीय संतुलन दोनों को मजबूती मिलेगी। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा झारखंडी सरोवर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्य की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाई जाए तथा सरोवर को एक आकर्षक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, उन्होंने अभी से प्लांटेशन कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करते रहें, कार्यों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सभी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक , अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# दो दिवसीय ताइक्कांडो प्रशिक्षण कार्यशाला में सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को महारानी लाल कुंवरि पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति तथा महिला यौन उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में दो दिवसीय ताइक्कांडो प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सीखे।

जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम का संचालन महिला यौन उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. वीणा सिंह एवं मिशन शक्ति की संयोजक प्रो. रेखा विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षक ताइक्कांडो खिलाड़ी ब्लैक बेल्ट सेकेंड डेन दिव्या गिरी और उनकी सहायक कृतिका मिश्रा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ताइक्कांडो के माध्यम से लड़कियां न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता है। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया और यह समझाया कि आपात स्थिति में कैसे खुद को सुरक्षित रखा जाए। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. जे. पी. पांडेय ने ÷नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वाभिमान÷ का संदेश दिया गया।

संयोजक वीणा सिंह प्रकोष्ठ के विषय में जानकारी दी तथा प्रो. रेखा विश्वकर्मा ने मिशन शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला । जबकि प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. अनामिका सिंह ने छात्राओं को नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला में छात्राओं को अधिक से अधिक प्रतिभाग कम चाहिए एवं श्रीमती पूजा मिश्रा ने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 47वें स्थापना दिवस भाजपाइयों ने किया घर-घर जनसंपर्क अभियान

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



तराई- भाजपा द्वारा आयोजित 47 वां स्थापना दिवस पर सरकार की उपलब्धियां घर-घर जनसंपर्क अभियान करके सरकार की योजनाएं बताई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की व मंडल अध्यक्ष लालनगर विनय मिश्रा ने घर-घर जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि सरकार की योजनाएं घर-घर पहुंच रही है। मोदी योगी जी के नेतृत्व में सभी वर्ग को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी के तहत घर-घर जनसंपर्क अभियान व वह स्वच्छता अभियान चलाई गई है। सभी कार्यकर्ता 2027 को फिर से कमल खिलाने के लिए घर-घर संपर्क अभियान करके लोगों को सरकार के नीतियों के बारे में जानकारी दें। जिससे लोगों को सरकार की योजनाएं मिल सके। कार्यकर्ताओं ने घर-घर ध्वज फहराकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद किया गया। मंडल अध्यक्ष विनय मिश्रा ने कहा कि पार्टी के गठन का उल्लेख करते हुए इसे विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी बताया। इस मौके पर जगदंबा प्रसाद मिश्रा बुद्धिमान सिंह, पुत्तन तिवारी प्रिंस वर्मा,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान: गौरीगंज में जागरूकता रैली से गूंजे शिक्षा के नारे, नामांकन बढ़ाने का संदेश

**जन एक्सप्रेस | गौरीगंज,अमेठी**





जिले में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से विकास खंड गौरीगंज में ÷स्कूल चलो अभियान÷ के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उत्साह और ऊर्जा से भरपूर इस रैली का शुभारंभ तहसील परिसर गौरीगंज से हुआ,जहां उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी,ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।रैली में क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।बच्चों के हाथों में तख्तियां और शिक्षा से जुड़े प्रेरक नारे पूरे नगर में गूंजते रहे। ÷सब पढ़ें, सब बढ़ें÷, ÷हर बच्चा स्कूल जाए÷ जैसे नारों के साथ निकली यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और लोगों को शिक्षा के महत्व का संदेश देती हुई ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।कार्यक्रम के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी भी उपस्थित रहे।उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है, कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।इसके लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।और अभिभावकों का सहयोग भी बेहद आवश्यक है।रैली के समापन के बाद ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नए नामांकित बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।इस दौरान पांच नवप्रवेशित बच्चों को बैग,स्टेशनरी व उपहार प्रदान किए गए।तथा नए शैक्षिक सत्र की पुस्तकों का वितरण कर पुस्तक वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में कराएं,ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में विकासखंड गौरीगंज में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# एमएलके कॉलेज के अंग्रेजी विभाग सभागार में भाषा लैब तथा स्टूडेंट्स फीडबैक पर कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कालेज के अंग्रेजी विभाग सभागार में शुक्रवार को भाषा लैब तथा स्टूडेंट्स फीडबैक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता मे सितम्बर 2026 से महाविद्यालय मे चल रहे भाषा लैब कार्यक्रम का समापन तथा स्टूडेंट्स फीडबैक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद थे । विशिष्ट अतिथि आई क्यू ए सी के समन्वयक प्रो श्री प्रकाश मिश्र , मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह तथा सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा थी । इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के कला , विज्ञान, वाणिज्य, बी एड, बी बी ए तथा बी सी ए के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण , सरस्वती वंदना, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ । वैदिक मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना काजल शिवानी पांडेय, जया कसौधन तथा गौरी मिश्रा ने किया । मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह, सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा तथा आईक्यू ए सी समन्वयक प्रो श्री प्रकाश मिश्रा का अंग्रेजी विभाग के सभागार मे परंपरागत ढंग से स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार शुक्ल के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र मे गत 01 सितम्बर से चल रहे भाषा लैब कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन पर विभागाध्यक्ष डॉ शुक्ल को बधाई दी। प्राचार्य ने वर्तमान वैश्विक परिपेक्ष्य मे अंग्रेजी के बढते हुए महत्व पर अपने विचार संक्षेप मै प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं से कहा कि वे अंग्रेजी के भाषा लैब का यथासंभव लाभ ले तथा अंग्रेजी बोलने की क्षमता का विकास करें । विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने अपने सम्बोधन मे प्रसिद्ध भाषाविद हेनरी बलूमफील्ड के सिद्धान्तों पर पाणिनी की अष्टाध्यायी के प्रभाव विषय पर अपने विचार संक्षेप मे रखे । डॉ शुक्ल ने नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत रोजगारपरक तथा व्यवसायिक कार्यक्रमों के महत्व पर भी अपने विचार संक्षेप मे रखे। डॉ शुक्ल ने कहा कि अंग्रेजी भाषा लैब के माध्यम से महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के छात्र छात्राओं को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है ।मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी तथा गणित के अध्ययन के बिना प्रतियोगिता परीक्षा मे सफल होना कठिन है । मुख्य अभियंता ने छात्र छात्राओ से कहा कि वे प्रामाणिक अंग्रेजी शब्दकोश का उपयोग करे तथा अपने अंग्रेजी शब्द ज्ञान मे निरंतर सुधार करें । सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा ने छात्र छात्राओं से कहा कि वे अंग्रेजी के समाचार पत्र का निरंतर अध्ययन करें । कार्यक्रम मे नैक के मानकों के आधार पर स्नातक तथा स्नातकोत्तर के छात्र छात्राओं से फीडबैक लिया गया । आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो श्री प्रकाश मिश्र ने विभागाध्यक्ष को छात्र छात्राओं से सफलतापूर्वक फीडबैक लेने पर बधाई तथा शुभकामनाएं दी । प्रो मिश्र ने अपने सम्बोधन मे कहा कि अंग्रेजी के अध्ययन से हम विश्व की किसी भी भाषा के साहित्य का अंग्रेजी अनुवाद पढ सकते है। कार्यक्रम मे मंच संचालन डॉ अभय नाथ ठाकुर ने किया । इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने अपने विचार रखे जिनमे प्रमुख है गौरी, शिवानी, जया, विश्वजीत, आकाश तिवारी दीपशिखा प्रमुख है । इस अवसर पर डॉ आशीष कुमार लाल, डा ए के दीक्षित, डॉ बी एल गुप्ता, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डा अनुज, डॉ विनीत, शिवम सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# न्यू स्टैंडर्ड के विद्यार्थियों ने स्थापित किया पुन: नया कीर्तिमान

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के छात्रों की सफलता का दौर निरंतर चल रहा है यह विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल की अंजली श्रीवास्तव( सहायक कमिश्नर, जीएसटी), रैंसी गुप्ता (सहायक समीक्षा अधिकारी) एवं सुभाष गुप्ता ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में कार्यालय अधीक्षक( इनकम टैक्स डिपार्टमेंट) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन उपलब्धियों पर विद्यालय प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ,राजीव कुमार सिंह एवं तारकेश्वर सिंह के साथ सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता संस्थान के लिए गर्व का विषय है और यह इस बात का प्रमाण है कि संस्थान में प्रतिभाओं को निखारने का अनुकूल और बेहतर वातावरण उपलब्ध है। विद्यालय परिवार ने इन उपलब्धियों पर अंजली श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता और रैन्सी गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आखिर सरकारों द्वारा जारी आशा वर्कर्स की प्रोत्साहन राशियों के 279 करोड़ रुपए का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर आज सैकड़ों की संख्या में आशा कर्मी विकास भवन में एकत्र हुई और जनवरी माह में जारी 2024 की सम्पूर्ण बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने , मार्च माह में राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा 2025 की सभी प्रोत्साहन राशियों के भुगतान के लिए जारी राशि का पारदर्शी ढंग से भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई। बाद में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन और सभा की। यूनियन जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि यू तो वर्ष 2019 से 23 तक का 1.5 लाख करोड़ रुपया प्रदेश भर की आशा कर्मियों का बकाया हैं। किंतु विगत 2 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 1090 करोड़ रुपए वर्ष 2024द्ग 25 की बकाया प्रोत्साहन राशियों के भुगतान के लिए जारी कर दिया था। उसे 15 दिन में भुगतान करना था किंतु 4 फरवरी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने पुनः पत्र भेजकर उस राशि के भुगतान के लिए फटकार लगाई। रायबरेली जनपद के उस राशि एक अंश भी भुगतान नहीं हुआ । मार्च माह में 2025द्ग2026 के सम्पूर्ण बकाया भुगतान के लिए लगभग 279 करोड़ राज्यांश और केंद्रांश के जारी होने के बावजूद कोई भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को हम सबने भुगतान करने और भुगतान का ब्यौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चस्पा करने की मांग की थी किंतु ऊंचाहार ,सरेनी में कुछ आंशिक भुगतान के अलावा पूरे जिले में न तो कोई भुगतान हुआ और न कोई भुगतान की बात सुनने को तैयार है। डराने ,धमकाने का खेल जरूर जारी है। गीता मिश्रा ने कहा कि 2018 से आयुष्मान कार्ड बनाने, 2022 से गोल्डन कार्ड बनाने, आभा आईडी बनाने, कुष्ठ रोग, टीवी, कोविड योगदान, राज्य वित्त का 750 रु प्रति आशा की दर से 28 माह का सम्पूर्ण भाग आदि न जाने कितने कामों का पैसा बाकी है ,और जो सरकारों और ह्राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जारी कर दिया ,उसे हेर फेर कर चाट जाने की तैयारी है। जिला सचिव गीता सिंह ने कहा कि पूरे जिले में मनमानी चल रही है। दस्तक/संचारी अभियान ने 90 दिन खटने के बावजूद भी दो दशक तक एक रुपए का भुगतान नहीं दिया गया। अब उसका प्रति दिन का 10 रुपया बताया जा रहा है। इसी तरह दो दर्जन कार्यों के संपादन का कोई भुगतान नहीं मिलता।

## अण्डर-19 टीम 'एफ' ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 103 रनों पर ऑलआउट

**रायबरेली।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराये गये ट्रायल मैच में चयनित अण्डर-19 के खिलाड़ियों के ट्रायल मैच कराये जा रहे हैं। उपरोक्त के क्रम में आज अण्डर-19 टीम ई व अण्डर-19 टीम एफ की टीमों के बीच मैच खेला गया जिसमें अण्डर-19 टीम ई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद के 42 नाबाद रनों की बदोलत निर्धारित ओवरों में 149 रन बनाये। अण्डर-19 टीम एफ ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 103 रनों पर ऑलआउट हो गयी। इस तरीके से इस मैच में अण्डर-19 टीम ई ने 46 रनों की जीत हासिल की।

आर0डी0सी0ए0 के निदेशक मोहम्मद फहीम ने बताया कि इन मैचों में किए गये प्रदर्शन के आधार पर टीमें गठित की जायेगी जिनकी अर्न्तजनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता रायबरेली में क्रिकेट हेतु उपयुक्त ग्राउण्ड न होने के कारण प्रतापगढ़ में आयोजित की जायेगी।

# पत्रकार हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | हाथरस**



पत्रकार वेदप्रकाश शर्मा हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार। चर्चित पत्रकार वेदप्रकाश शर्मा उर्फ सोनू हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी टीम और थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हत्याकांड में प्रकाश में आए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रुद्ध पाठक और वंश दीक्षित के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल, दो तमंचे (315 बोर), चार जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। इससे पहले इस मामले में एक अन्य आरोपी शुभम उर्फ माइटी को 9 अप्रैल 2026 को थाना सहपऊ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। 7 अप्रैल 2026 को आगरा निवासी नीतू शर्मा ने थाना हाथरस गेट में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके भाई वेदप्रकाश शर्मा की 6 अप्रैल की रात हत्या कर दी गई। आरोप था कि अभियुक्तगण मकान हड़पने की नियत से इस वारदात को अंजाम दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने स्वयं मौके का निरीक्षण किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमों का गठन किया। इनमें एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस को शामिल किया गया था।

मुठभेड़ के दौरान आरोपी गिरफ्तार

पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी अलीगढ़ से सासनी की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने सासनी बॉर्डर, वन चेतना और शक्ति वन क्षेत्र में चेकिंग शुरू की।

शक्ति वन के पास संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपियों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए और मौके पर ही पकड़ लिए गए।

आरोपियों पर इनाम था घोषित

एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा 8 अप्रैल 2026 को इन आरोपियों की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

## 'प्यार सबकुछ नहीं होता...' थलपति विजय संग डेटिंग रूमर्स के बीच एक्ट्रेस

# तृषा कृष्णन

## ने शेयर किया कृप्टिक पोस्ट



साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ और फिल्मों से ज्यादा सुर्खियां अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बटोर रही हैं. एक्ट्रेस का नाम सुपरस्टार थलपति विजय के साथ जोड़ा जा रहा है. दोनों की डेटिंग रूमर्स से हर एक गॉसिप कॉलम भरा पड़ा है. जहां विजय की फिल्म जन नायक को लेकर कोई खास अपडेट नहीं आया, वहीं उनकी पत्नी संगीता सोर्नलिंगम ने तलाक लेने का फैसला कर लिया, जिसका कारण उनकी और तृषा की नजदीकियों को बताया जा रहा है.एक्टर संग डेटिंग रूमर्स और कई पब्लिक इवेंट्स पर स्पॉट होने के बीच तृषा ने प्यार और शांती को लेकर एक कृप्टिक पोस्ट किया है. एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसके बाद से फैंस अलग-अलग तरह की अटकलें लगा रहे हैं.



**तृषा की इंस्टाग्राम स्टोरी**

तृषा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक इमेज कोट शेयर किया. इस कोट में लिखा है- फैक्ट- 'प्यार सबकुछ नहीं होता, फिर भी प्यार के बिना किसी भी चीज का मतलब नहीं है. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने एक वीडियो भी शेयर किया. इस वीडियो में लिखा था- 'मैं अपनी जिंदगी के उस फेज में हूं, कि आप मुझे कहोगे कि हाथी उड़ सकते हैं, तो मैं बिना किसी बहस के ये बात मान लूंगी. ऐसा इसलिए नहीं क्योंकि मैं अग्री करती हूं, बल्कि ऐसा इसलिए क्योंकि मुझे इस बात की परवाह ही नहीं कि आप क्या सोचते हैं.'

**ग्रोथ ऐसे ही नजर आती है**

इसके आगे वीडियो में लिखा था- 'मैंने एक जरूरी बात सीखी है. शांती सही होने से ज्यादा मायने रखती है. चुप रहना किसी को एक्सप्लेन करने से ज्यादा सही है. और हर किसी को आपकी एनर्जी खर्च करवाने का एक्सेस नहीं मिलना चाहिए. कुछ बहस गलतफहमियां नहीं होती हैं. ये एक तरीका है आपकी एनर्जी को ड्रेन करने का. ग्रोथ ऐसे ही नजर आती है, शांती से बिना किसी शोर के.'

## सलमान खान ने पहने फटे जूते तो मच गया हड़कंप, कीमत जान सदमे में ट्रोलर्स




सलमान खान बॉलीवुड के सुपरस्टार के तौर पर जाने जाते हैं और उनके हर एक कदम पर लोगों की नजर रहती है. सलमान खान कोई फोटो पोस्ट करें या किसी पार्टी या इवेंट में शामिल हो, उनके फैंस की नजरें हमेशा उन पर टिकी होती है. हाल ही में सलमान खान का एक फोटो भी लोगों के बीच चर्चा में आ गया है, लेकिन इस फोटो पर जहां कुछ लोग एक्टर की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई सारे लोगों ने उन्हें ट्रोल भी कर दिया है. लेकिन, मामला कितना अलग है आइए बताते हैं.

सलमान खान से पहले लाइमलाइट में रहने वालों की बात करें, तो उन्हें सोशल मीडिया पर हमेशा ही ट्रेंड और फैशन के हिसाब से अपने आप को बदलना होता है. हालांकि, कभी-कभी फैशन आम लोगों की समझ से बहुत परे होता है. अब सलमान खान और फैशन, ट्रेंड की बात एक साथ क्यों हुई वो समझाते हैं. दरअसल, सलमान खान की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वो एयरपोर्ट पर मौजूद हैं, इस बीच लोगों में उनके जूते को लेकर डिस्कस किया जा रहा, जिसे लोग फटे जूते का नाम दे रहे हैं.

**कितनी है जूतों की कीमत ?**

सोशल मीडिया पर सलमान की फोटो तेजी से वायरल हो रही है, जिस पर कई सारे लोगों का कहना है कि इतना बड़ा स्टार फटे-पुराने जूते पहना हुआ है. वहीं सलमान के फैंस उनकी तरफदारी करते हुए इस चीज को उनकी सादगी से जोड़ रहे हैं. लेकिन, असल मामला कुछ और ही है, दरअसल सलमान के जिस जूते को लोग फटे-पुराने जूते का नाम दे रहे हैं, वो एक पॉपुलर और लग्जरी ब्रांड बालेंसियागा (Balenciaga) का है, जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार से 1 लाख 50 हजार तक है.

**लोगों का मुंह बंद हो गया है**

सलमान के जूते की बनावट ही ऐसी है, जिसे देखकर लग रहा है कि वो फटा हुआ है और उसे भी नहीं किया पॉलिश गया है. हालांकि, जूते की कीमत सामने आने के बाद से जो लोग सलमान को ट्रोल कर रहे थे उनका मुंह पूरी तरह से बंद हो गया है. इंडस्ट्री में अक्सर ऐसे फैशन सेगमेंट्स देखने को मिलते हैं, जो आम लोगों को हैरान कर देते हैं और कभी-कभी तो कई सारे सवाल भी खड़े कर देते हैं. काम की बात करें, तो फिलहाल सलमान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि-मई वॉर रेस्ट इन पीस' में बिजी हैं.

## अक्षय कुमार नहीं, तब्बू होंगी 'भूत बंगला' की असली खिलाड़ी! 6 सेकेंड में कर दिया कमाल




अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. 6 अप्रैल को मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो भी जारी कर दिया.

ट्रेलर में अक्षय के साथ वामिका गब्बी, असरानी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव जैसे सितारे नजर आए हैं. ट्रेलर काफी एंटरटेनिंग है और लोग इस पसंद कर रहे हैं. सभी सितारों को 3 मिनट 3 सेकेंड के इस ट्रेलर में अच्छा स्क्रीनटाइम मिला है, सिवाय तब्बू के. तब्बू के कैरेक्टर को इसमें लगभग 6 सेकेंड के लिए ही दिखाया गया है.

बाकी स्टार्स के मुकाबले ट्रेलर में तब्बू का स्क्रीनटाइम भले ही कम है. लेकिन ऐसा लगता है कि सबसे मजबूत किरदार उनका ही होने वाला है. अक्षय भले ही इस फिल्म के लीड हीरो है, लेकिन कहानी के हिसाब से 'भूत बंगला' के असली खिलाड़ी वो नहीं बल्कि तब्बू हैं. चलिए समझते हैं कि आखिर हम ऐसा क्यों कह रहे हैं.

**'भूत बंगला' के ट्रेलर में पेड़**

दरअसल, 2 मिनट 15 सेकेंड में तब्बू का एक सीन आता है. देखकर ऐसा लगता है कि डांस करने के बाद जब तब्बू जमीन पर गिर जाती हैं, उसी दौरान के कैप्चर किए गए शॉट को मेकर्स ने ट्रेलर में शामिल किया है. हालांकि, गौर करने वाले बात इस सीन में दिखाई गई वो बिंदी है, जो तब्बू ने अपने माथे पर लगा रखी है. दरअसल, उन्होंने जो बिंदी लगाई है उसका डिजाइन पेड़ की टहनियों की तरह है. अगर आपने ट्रेलर को ध्यान से देखा हो तो हर कुछ सीन के बाद एक इसी तरह का पेड़ दिखाया जाता है.

**वधुसुर से तब्बू का कनेक्शन**

ट्रेलर देखकर ऐसा लगता है कि वो पेड़ कहानी का अहम हिस्सा है. वीडियो की शुरुआत में वधुसुर नाम का जिक्र होता है. ऐसा लगता है कि ये उस भूत का नामहै, जो इस कहानी में हॉरर का तड़का लगाने वाला है.

वहीं ट्रेलर को जिस तरह मेकर्स ने कट किया है और हर कुछ सीन के बाद एक पेड़ पर फोकस किया है, उससे ऐसा लगता है कि वधुसुर उसी पेड़ से बाहर आएगा. वहीं तब्बू ने उसी तरह की बिंदी लगा रखी है.

ऐसे में हो सकता है कि वधुसुर से तब्बू का कोई गहरा कनेक्शन हो. हालांकि, अभी ये सिर्फ कयास है. मेकर्स ने उनके किरदार को लेकर काफी सस्पेंस बना रखा है.



# श्रेया घोषाल

## ने मुंबई के वर्ली में खरीदा लग्जरी अपार्टमेंट, कीमत जान हो जाएंगे हैरान

बॉलीवुड की सबसे फेमस सिंगरों में से एक श्रेया घोषाल अक्सर अपने गानों की वजह से सुर्खियों में बनी रहती है. अब एक बार फिर श्रेया घोषाल चर्चा में आ गई हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी सुरीली आवाज नहीं, बल्कि उनका नया घर है. श्रेया घोषाल ने नया घर अपने नाम कर लिया है. मुंबई के एक रिहायशी इलाके में श्रेया ने अपना नया आशियाना खरीदा है. सिंगर ने मुंबई के वर्ली इलाके में आलीशान घर खरीद लिया है. ये इलाका मुंबई के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले रिहायशी इलाकों में से एक बनकर उभरा है, जो अपनी शानदार ऊंची इमारतों और बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है.प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल ने मुंबई के पॉश इलाके वर्ली में करोड़ों रुपये का एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है. इस लग्जरी अपार्टमेंट की कीमत सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे. सिंगर ने ये अपार्टमेंट अपनी मां शर्मिष्ठा घोषाल और पिता बिस्वजीत घोषाल के साथ मिलकर खरीदा है. प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, उनके इस अपार्टमेंट की कीमत 29.70 करोड़ रुपये है.




**श्रेया घोषाल का लग्जरी अपार्टमेंट**

प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के दस्तावेजों के मुताबिक, श्रेया घोषाल ने इस अपार्टमेंट को खरीदने के लिए 29.70 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. ये अपार्टमेंट वर्ली में मौजूद एक प्रीमियम रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट, 'गोदरेज ट्रिलॉजी' में है. रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड के मुताबिक, इस यूनिट का कारपेट एरिया 2,430.06 स्क्वायर फुट (225.76 वर्ग मीटर) है और कुल एरिया 2,750.28 स्क्वायर फुट (255.51 वर्ग मीटर) है. इस प्रॉपर्टी के साथ तीन डेडिकेटेड कार पार्किंग स्पेस भी शामिल हैं. इस अपार्टमेंट के लिए श्रेया घोषाल ने 1.78 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी दी है और 30,000 रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई है. 1 अप्रैल 2026 को डील रजिस्टर हुई है.

वर्ली मुंबई के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले रिहायशी इलाकों में से एक है. ये इलाका बांद्रा-वर्ली सी लिंक, एनी बेसेंट रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जैसे रास्तों के जरिए शहर के मेन हिस्सों तक आसानी से पहुंच देता है. बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, लोअर परेल और नरीमन पॉइंट जैसे अहम बिजनस हब के करीब होने की वजह से ये बिजनेसमैन और अमीर लोगों के लिए भी एक पसंदीदा जगह बन गई है.

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### कहां गए शांति के कपोत उड़ाने वाले?

**युद्ध का एक और खामोश शिकार हमारा पर्यावरण है। हज़ारों टन गोला-बारूद का इस्तेमाल वायुमंडल को ज़हरीला बना रहा है। जंगलों की आग, समुद्री प्रदूषण और ज़मीन में धंसे बारूदी सुरंग आने वाली कई पीढ़ियों के लिए मौत का जाल बिछा रहे हैं। हम जिस धरती को बचाने की कसमें खाते हैं, उसी को युद्ध की आग में झोंक रहे हैं। संसाधनों को बरबाद कर रहे हैं। जब हम टीवी पर बमबारी के दृश्य देखते हैं और उन्हें केवल एक 'न्यूज़ अपडेट' की तरह छोड़ देते हैं, तो समझ लीजिए कि हमारे भीतर की इंसानियत मर चुकी है। युद्ध हमें क्रूर बना देता है।**

*आज की दुनिया बारूद से धधक रही है। रूस-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व के रेगिस्तानों तक, हर तरफ मिसाइलों की गूँज है। शांति की बाते अब सुनाई नहीं देतीं। शांति के कपोत उड़ाने वाले दिखाई देने बंद हो गए। युद्ध की विभिषिका के विरोध में प्रदर्शन करने और मोमबत्ती जलाने वाले अब सड़कों से गायब है। युद्ध के विरोध के स्वर धीमे ही नही हुए, पूरी तरह खामोश हो गए। बुद्ध के संदेश अब किताबों में ही बंद होकर रह गए है। युद्धों के विरोध की कही से बात नही उठ रही। दुनिया में शांति स्थित करने के लिए बने संयुक्त राष्ट्रसंघ के मुंह पर टेप चिपक गया। वह देख सकता है। न कुछ बोल सकता है। न आदेश कर सकता है। विडंबना देखिए कि इक्कीसवीं सदी में हम मंगल पर बस्तियां बसाने की बात कर रहे हैं, लेकिन ज़मीन के चंद टुकड़ों और आपसी वर्चस्व के लिए हज़ारों बेगुनाहों का खून बहाने से भी पीछे नहीं हट रहे। युद्ध चाहे रूस और यूक्रेन के बीच हो, या इज़राइल, ईरान और अमेरिका के बीच का तनाव हो। जीत के झंडे चाहे जिस देश के हाथ आएं, हारती हमेशा मानवता है। इन युद्ध में विजयी कोई भी हो, सदा पराजित तो मानव होती है। मरती बस इंसानियत है। इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी समस्या का समाधान नहीं रहा, बल्कि यह नई समस्याओं का जन्मदाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई बार कहा कि दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत है। कई मंचों से उन्होंने यह मांग उठाई, किंतु किसी भी देश ने शांति का समर्थन नहीं किया। सब देश गूंगे बन कर रह गए। आज भी ये ही हाल है। मरता ईरान खाड़ी के उन देशों पर मिसाइल और ड्रोन दाग कर तबाही मचा रहा है, जिनमे अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। अपनी बरबादी होते देख ये देश ईरान पर अमेरिकी हमलों का उस तरह विरोध नही कर रहे, जिस तरह कि करना चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा संकट को जन्म दिया तो मध्य पूर्व (इज़राइल-हमास-ईरान) के संघर्ष ने दुनिया को धार्मिक और कूटनीतिक ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इन लड़ाइयों में टैंकों की गड़गड़ाहट के बीच जो आवाज़ दब जाती है, वह है-एक मासूम बच्चे की चीख और एक बेबस माँ की कराह। युद्ध की सबसे बड़ी कीमत वे लोग चुकाते हैं जिनका राजनीति या सत्ता की लालसा से कोई लेना-देना नहीं होता। यूक्रेन के कीव से लेकर गाज़ा की गलियों और ईरान के गांव तक तक, हज़ारों औरतें और बच्चे मौत की नींद सो चुके हैं। जो उम्र खिलौनों से खेलने की थी, उस उम्र में बच्चे बमों के धमाकों को पहचानना सीख रहे हैं। हज़ारों बच्चे अनाथ हो चुके हैं और लाखों का भविष्य मलबे के नीचे दब गया है। युद्ध के दौरान महिलाओं को न केवल विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है, बल्कि वे शारीरिक और मानसिक हिंसा का सबसे आसान लक्ष्य बनती हैं। युद्ध केवल इंसान को नहीं मारता, वह सदियों से बनी-बनाई सभ्यताओं और बुनियादी ढांचे को भी नष्ट कर देता है। स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इमारतों पर गिरते बम यह दर्शाते हैं कि आधुनिक समाज कितना 'असंवेदनशील' हो चुका है। जब एक अस्पताल पर मिसाइल गिरती है, तो वह केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं ढहती, बल्कि इंसानियत की आखिरी उम्मीद भी टूट जाती है। इन लड़ाइयों का असर केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दुनिया भर में अनाज की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ दिया। इससे गरीब देशों में भुखमरी का खतरा बढ़ गया। ईंधन की बढ़ती कीमतें और खाद्य पदार्थों की कमी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जो खरबों डॉलर शिक्षा, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में खर्च होने चाहिए थे, वे आज आधुनिक हथियार और मिसाइलें बनाने में झोंके जा रहे हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गई और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।**



नरेन्द्र मोदी

**मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।**

### महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं। महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ। लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, 'हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।' साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, 'बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।' उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधारस्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान



**उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।**

दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, ''जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही' यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गई और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 12:37 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराषाढ़ा 13:28 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सिद्ध, 18:27 |
| सूर्योदयः | 06:13 |
| सूर्यास्तः | 18:42 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 09:12-10:47 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

### कसने लगी नकेल !

*आया नया डेटा ।*
*तय ममता की हार ।।*
*कोर्ट और आयोग भी ।*
*कर रहे प्रहार ।।*
*स्क्रूटमें वोट कटे ।*
*बंद अब गंदा खेल ।।*
*धीरे-धीरे दीदी पर ।।*
*कसने लगी नकेल ।।*
*फोर्सेज भी तैनात हुई ।*
*डर में कमी आई ।।*
*निकलेगा मतदाता खुलकर ।*
*इसी में भलाई ।।*
*फंसा पेंच टीएमसी का ।*
*भाजपा ने बढ़त बनाई ।।*
*तय जाना अब ममता का ।*
*4 मई जब आई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

### पीसीओएस में जंक फूड्स खाने के क्या नुकसान हो सकते हैं?

**पॉलीसिस्टिक** ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) में महिलाओं को पीरियड्स समय पर न होना, वजन बढ़ना, चेहरे पर मुंहासे और बाल आना और प्रेग्नेंट होने में दिक्कत जैसी परेशानियां हो सकती हैं। पीसीओएस में अगर महिलाएं जंक फूड बहुत ज्यादा लेती हैं, तो उनके लक्षण काफी गंभीर हो सकते हैं। इसी संदर्भ में एक माइक्रो स्टडी प्रकाशित हुई। इस स्टडी के लिए 18 से 22 वर्ष की आयु की कुल 680 युवतियों पर सर्वे किया गया, जिनमें से 32 (लगभग 5%) में पीसीओएस के लक्षण पाए गए। सर्वे में यह देखा गया कि पीसीओएस वाली अधिकांश लड़कियां बाहर खाने पर फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड को ज्यादा पसंद करती थीं और सफेद ब्रेड, केक, मफिन, मीठे डेजर्ट तथा रिफाइंड मैदा जैसे रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट वाले फूड्स काफी मात्रा में खाती थीं। हालांकि यह अध्ययन सीधे-सीधे यह साबित नहीं करता कि जंक फूड पीसीओएस का कारण हो सकते हैं, लेकिन परिणाम यह संकेत देते हैं कि असंतुलित और प्रोसेस्ड डाइट पीसीओएस के लक्षणों को बढ़ा सकती है। निष्कर्ष के रूप में शोधकर्ताओं ने माना कि संतुलित आहार, विशेषकर कम रिफाइंड



कार्बोहाइड्रेट और कम जंक फूड वाला भोजन, पीसीओएस के लक्षणों को कम करने और स्वास्थ्य सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**पीसीओएस में जंक फूड खाने के नुकसानः** सीनियर डाइटिशियन ऋतिका शर्मा कहती हैं, 'सबसे पहले जानना जरूरी है कि जंक फूड क्या है? पैकेज्ड जंक फूड में काफी मात्रा में कैलोरी, फैट और शुगर होता है। इसके साथ जंक फूड में फाइबर, विटामिन और मिनरल्स की कमी होती है। जंक फूड में काफी मात्रा में प्रिजर्वेटिव और आर्टिफिशियल फ्लेवर डाले जाते हैं। इसमें बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज, आलू के चिप्स, चॉकलेट, कैंडी, बिस्कुट, कुकीज, आइसक्रीम से लेकर सोडे वाले ड्रिंक्स, चीनी वाले जूस और एनर्जी ड्रिंक्स शामिल हैं। जिन महिलाओं को पीसीओएस की समस्या है, उनके लक्षणों में तो इजाफा होता ही है, साथ ही ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं।

**इंसुलिन रेजिस्टेंसः** दिल्ली के नर्चर हॉस्पिटल की स्त्रीरोग विशेषज्ञ और आईवीएफ एक्सपर्ट डॉ. अर्चना धवन बजाज कहती हैं, 'जो महिलाएं पीसीओएस में जंक फूड खाती हैं, उनमें सैचुरेटेड फैटी एसिड और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। इससे इंसुलिन रेजिस्टेंस का लेवल बढ़ जाता है। इंसुलिन बढ़ने से एंड्रोजन हार्मोन का लेवल भी बढ़ने लगता है। एंड्रोजन पुरुष हार्मोन हैं, जो पीरियड्स को अनियमित कर सकते हैं और बांझपन का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ा सकते हैं।' साल 2022 में प्रकाशित महिलाओं को पीसीओएस की समस्या है, अगर वे चीनी से भरपूर और रिफाइंड खाना बहुत ज्यादा खाती हैं, तो उनकी कंडीशन काफी ज्यादा बिगड़ सकती है।

**शरीर में सूजनः** सीनियर डाइटिशियन ऋतिका कहती हैं, 'प्रोसेस्ड फूड या जंक फूड की वजह से शरीर में सूजन हो सकती है क्योंकि यह आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया के बैलेंस को बिगाड़ देते हैं। इससे शरीर का इम्यून सिस्टम बिगड़ जाता है।

## एक्सप्रेस विशेष



प्रो. आरके जैन

**लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है कि कोई भी पद स्थायी नहीं होता। व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता। उसका सम्मान तब और बढ़ता है, जब वह सही समय पर पीछे हटने का साहस दिखाए। कुर्सी छोड़ना हार नहीं, कई बार सबसे बड़ी जीत होती है।**

### सत्ता का आखिरी मोह: जब शरीर हार जाए, पर पद न छूटे

6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शिता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था; वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था-क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों? यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चित काल तक

**कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यदि कोई नेता स्वस्थ है, तो उसे राजनीति में बने रहने का अधिकार है। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन केवल स्वस्थ होना काफी नहीं। राजनीति में बने रहने का फैसला केवल व्यक्ति की इच्छा नहीं, लोकतंत्र की जरूरत से तय होना चाहिए। यदि हर वरिष्ठ नेता खुद को सक्षम बताकर पद छोड़ने से इंकार करे, तो नई पीढ़ी को अवसर कब मिलेगा?**

कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है; यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे-धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी। सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने-फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं। शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठा-क्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे? क्या वे किसानों, युवाओं, उद्योगों और विकास के मुद्दों पर पहले जैसी सक्रियता दिखा पाएंगे? जब शरीर जवाब देने लगे, तब कुर्सी पर बने रहना ताकत नहीं, विवशता लगने लगता है। अब समय आ गया है कि राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की एक स्पष्ट सीमा तय हो। यदि 75 या 80 वर्ष के बाद नेता सक्रिय पद छोड़कर मार्गदर्शक बनें, तो इससे राजनीति कमजोर नहीं, बल्कि अधिक मजबूत होगी। उनका अनुभव और प्रभाव खत्म नहीं होगा; वे सलाहकार, संरक्षक और प्रेरणा-स्रोत बने रहेंगे। लेकिन नेतृत्व उन लोगों के हाथों में जाएगा, जिनके पास ऊर्जा, नई सोच और बदलते समय के साथ चलने की क्षमता है। लोकतंत्र की असली ताकत इसी संतुलन में है-जहां अनुभव रास्ता दिखाए और नई पीढ़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाले। आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती। नतीजा यह होता है कि निराशा बढ़ती है, संगठन जड़ हो जाता है और जनता का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। जब नई पीढ़ी को मौका नहीं मिलेगा, तो युवाओं की समस्याएं कौन समझेगा?


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# नन्हें सपनों को बेड़ियों से आज़ाद कराया एक और बचपन को समय रहते बचाया

## गजरौला क्षेत्र में फिर रुका बाल विवाह, संयुक्त टीम की तत्परता से बची नाबालिग की ज़िंदगी





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ चल रही मुहिम एक बार फिर रंग लाई, जब महिला कल्याण विभाग और थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस की संयुक्त टीम ने गजरौला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका का विवाह समय रहते रुकवा दिया।

खास बात यह है कि टीम लगातार ऐसे मामलों में सक्रिय रहकर पहले भी कई बाल विवाह रुकवा चुकी है और आज की कार्रवाई उसी कड़ी का हिस्सा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर एक सजग व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई थी कि थाना गजरौला क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति अपनी नाबालिग पुत्री का विवाह कराने की तैयारी में है।

**लगातार प्रयासों से बदल रही तस्वीर**

जिले में महिला कल्याण विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा लगातार बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। समय-समय पर मिल रही सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई कर टीम न केवल बाल विवाह रुकवा रही है, बल्कि लोगों को जागरूक भी कर रही है। यही कारण है कि अब समाज में धीरे-धीरे इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता बढ़ रही है और कई बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित हो पा रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

जांच के दौरान मामला सही पाया गया। टीम ने पाया कि बालिका अभी नाबालिग है और हाईस्कूल तक शिक्षा प्राप्त कर चुकी है।

बालिका की इच्छा आगे पढ़ाई जारी रखने की है, लेकिन उसके परिजन 20 अप्रैल 2026 को उसका विवाह बरखेड़ा क्षेत्र के एक युवक से कराने की तैयारी कर चुके थे।

विवाह की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और आयोजन की अंतिम रूपरेखा भी तय हो गई थी। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानून की जानकारी दी और बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। सख्त चेतावनी देते हुए विवाह को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया गया।

साथ ही बालिका को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु बाल कल्याण समिति, पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इस कार्रवाई में संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना के प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह, परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, कांस्टेबल भानू प्रताप, अमित सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## 2.15 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों का विनष्टीकरण, 95 मामलों से जुड़ा माल नष्ट

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2.15 करोड़ रुपये कीमत के अवैध मादक पदार्थों का विनष्टीकरण कराया। यह कार्रवाई ऑपरेशन 'दहन' के अंतर्गत की गई, जिसमें विभिन्न थानों पर दर्ज मामलों से संबंधित जब्त माल को नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर/सदर नताशा गोयल के नेतृत्व में यह पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी एवं जनपदीय वीसीआरबी शाखा की टीम भी मौजूद रही। कार्रवाई के दौरान जनपद के 16 थानों पर पंजीकृत कुल 95 अभियोगों से संबंधित 70.908 किलोग्राम मादक पदार्थों को नियमानुसार नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में अवैध चरस, डोडा, हेरोइन/स्मैक, भांग और गांजा शामिल रहे, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2.15 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में की गई। विनष्टीकरण की प्रक्रिया बरेली जनपद के थाना सीबीगंज क्षेत्र अंतर्गत स्थित एनविराड मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, परसाखेड़ा के इन्सिनरेटर प्लांट में संपन्न कराई गई, जहां निर्धारित मानकों के अनुसार सभी मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

# समितियों की लम्बित आपत्तियों पर जिला गन्ना अधिकारी सख्त, समयबद्ध निस्तारण के लिए दिए गए कड़े निर्देश

**जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष जोर**



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद की सहकारी गन्ना विकास समितियों में विशेष लेखा परीक्षा के दौरान सामने आई आपत्तियों के निस्तारण को लेकर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण और गंभीर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने की, जिसमें विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में व्यापक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जनपद की विभिन्न समितियों में लंबित पड़ी आपत्तियों की स्थिति का गहनता से विश्लेषण किया गया। अधिकारियों ने एक-एक बिंदु पर चर्चा करते हुए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई कि लेखा परीक्षाओं में उठाई गई सभी आपत्तियों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए, जिससे विभाग की साख और कार्यक्षमता दोनों मजबूत हो सकें।

### लम्बित आपत्तियों के शीघ्र निस्तारण पर जोर

समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई समितियों में आपत्तियां लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। इस पर जिला गन्ना अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित सचिव तत्काल प्रभाव से इन मामलों को प्राथमिकता दें और निस्तारण की प्रक्रिया को तेज करें। समन्वय बनाकर कार्य करने की दी गई हिदायत बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और लेखा परीक्षक आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे नियमित संवाद बनाए रखें और किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति न बनने दें, ताकि निस्तारण की प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

जिला गन्ना अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाया गया, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में शिथिलता अब किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी और जवाबदेही सुनिश्चित करना ही प्राथमिकता होगी। बैठक में समस्त सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक, परीक्षक एवं लेखा परीक्षक सहित विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आश्वस्त किया कि वे दिए गए निर्देशों का पूर्णतः पालन करेंगे और लंबित आपत्तियों के निस्तारण में तेजी लाएंगे।

### समयबद्ध निस्तारण से ही विभाग की विश्वसनीयता बनी रहेगी: जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव

बैठक को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने कहा कि 'विशेष लेखा परीक्षा में उठाई गई आपत्तियां विभाग की कार्यप्रणाली का दर्पण होती हैं। इनका समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी सचिव संबंधित लेखा परीक्षकों से समन्वय बनाकर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी आपत्ति अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। विभाग की विश्वसनीयता और कार्यक्षमता बनाए रखने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी बिंदुओं का समाधान करें। यह बैठक केवल औपचारिक समीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि विभागीय सुधार की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में सामने आई।

स्पष्ट निर्देशों, सख्त चेतावनी और समन्वित प्रयासों के साथ अब यह उम्मीद की जा रही है कि गन्ना विभाग में लंबित आपत्तियों का जल्द ही प्रभावी निस्तारण होगा और कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनेगी।

# समानता के दीप जलेंगे, विचारों की होगी गूंज अंबेडकर जयंती पर सपा ने भरी तैयारी की नई उड़ान

**रणनीति, जिम्मेदारी और संगठनात्मक एकजुटता के साथ भव्य आयोजन की रूपरेखा तय**



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को इस बार खास और प्रभावशाली बनाने के लिए समाजवादी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सपा के कैंप कार्यालय केजीएन-2 में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

बैठक में उस समय खास उत्साह देखने को मिला जब मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह जनपद पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, जिससे पूरे परिसर में जोश और उत्साह का माहौल बन गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक अनुशासन और समन्वय का बेहतर उदाहरण देखने को मिला।

### हर सेक्टर तक पहुंचेगा कार्यक्रम, जिम्मेदारियां तय

बैठक में अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक क्षेत्र में कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और आयोजन को अनुशासित तरीके से सफल बनाया जाए।

### विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि अंबेडकर जयंती केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों को समाज में स्थापित करने का अवसर है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं और समाज में समानता व न्याय का संदेश फैलाएं। प्रभारी सिद्धार्थ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम भव्यता के साथ-साथ अनुशासन में भी उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का प्रयास करे।

### समन्वय और अनुशासन से ही मिलेगी सफलता- नफीस अहमद अंसारी

जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही यह आयोजन जनपद में एक मिसाल बनेगा। कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से मजबूत हुआ संदेश बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में दिखी ऊर्जा, स्पष्ट योजना और नेतृत्व के मजबूत निर्देश यह संकेत दे रहे हैं कि इस बार अंबेडकर जयंती का आयोजन जनपद में खास प्रभाव छोड़ने वाला है। समाजवादी पार्टी संगठनात्मक ताकत और कार्यकर्ताओं के उत्साह के दम पर इसे यादगार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर अरविंद यादव, नरेंद्र मिश्रा 'कट्टर', इम्तियाज अल्वी, अमित पाठक एडवोकेट, राजकुमार राजू, मो. अरशद दद्दा, लखविंदर सिंह पन्नू, राहुल यादव, रूपराम कश्यप, धनपति वर्मा एडवोकेट, गयासुद्दीन मंसूरी, संदीप सक्सेना, विक्रम सिंह गंगवार, सतेंद्र मौर्य, हरगोविंद गंगवार, डॉ. राममूर्ति गंगवार, आरती महेंद्र, पुनीत कुमार मौर्य, निरंजन कुमार गंगवार, निशान अहमद, याकूब अंसारी, देवकुमार मौर्य, अहीद खान, ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, मो. नवी अंसारी, आशीष कुमार एडवोकेट शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

# फसल कटाई परीक्षण से गेहूं की पैदावार का आकलन

## जिलाधिकारी ने चंदोई में किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में फसलों की वास्तविक उत्पादकता जानने के लिए फसल कटाई परीक्षण कराया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड मरौरी के ग्राम पंचायत चंदोई में गेहूं की फसल की कटाई कर वैज्ञानिक तरीके से उसकी पैदावार का आकलन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।फसल कटाई परीक्षण के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में समबाहु त्रिभुज के आकार का भूखंड चयनित किया गया। इस क्षेत्र में फसल काटकर उसका वजन किया गया, जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादन का अनुमान लगाया जा सके। पूरी प्रक्रिया को मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किया गया।कृषक राजा तोमर और सुभाष चंद्र के खेतों में किए गए परीक्षण में क्रमशः 18.160 किलोग्राम और 15.230 किलोग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई। इन आंकड़ों के आधार पर क्षेत्र की औसत उत्पादकता का निर्धारण किया जाएगा।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से फसल की नपाई, कटाई और ऑनलाइन विवरण दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी ली और निर्देश दिए कि कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी भूमि का किसान पंजीकरण, फसल बीमा और अभिलेखीकरण अवश्य कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें आसानी से मिल सके। इस दौरान कानूनगो तेज बहादुर गंगवार, लेखपाल कृष्ण मुरारी, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रमोद सिंह सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। फसल कटाई परीक्षण के माध्यम से प्रशासन को वास्तविक उत्पादन की जानकारी मिलती है, जिससे योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलती है और किसानों को भी सीधा लाभ मिलता है।

# अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया का पूरनपुर में पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- भीड़भाड़ वाले इलाकों में बढ़ी चौकसी, यातायात सुधार और अतिक्रमण हटाने पर जोर

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**



**पीलीभीत।** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने शुक्रवार को थाना पूरनपुर क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य बाजारों और संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी पूरनपुर भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ बाजारों में पैदल चलकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरतें। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित जांच करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बाजारों में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए संबंधित विभागों को सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो।

### सतर्क पुलिस ही सुरक्षित समाज की आधारशिला- विक्रम दहिया

पैदल गश्त के दौरान उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हर पुलिसकर्मी को सतर्क और जिम्मेदार रहना होगा। आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल देना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने पुलिस टीम को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहें, नियमित गश्त करें और लोगों के साथ बेहतर संवाद बनाए रखें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पनपने न पाए। इस पैदल गश्त के माध्यम से साफ संकेत मिला है कि प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सक्रिय पुलिसिंग और सतर्क निगरानी के जरिए शहर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# 'ग्राम बस्ती चलो अभियान' में भाजपा की बढ़ी सक्रियता, गांव-गांव पहुंचकर साधा जनसंपर्क

**मुढ़ेला कला में स्वच्छता अभियान के साथ योजनाओं का लिया फीडबैक, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक कार्यक्रम 'ग्राम बस्ती चलो अभियान' जनपद में तेजी पकड़ता नजर आ रहा है। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर जहां एक ओर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत जान रहे हैं, वहीं आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में जुटे हैं। इसी क्रम में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुढ़ेला कला में व्यापक जनसंपर्क और स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने किया, जहां कार्यकर्ताओं की टीमों ने गांव में घर-घर संपर्क कर लोगों से मुलाकात की और विभिन्न योजनाओं के लाभ व उनकी स्थिति की जानकारी ली। अभियान के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गई और उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही गांव में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और साफ-सुथरे वातावरण का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर इस अभियान को हर बूथ तक प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों तक सीधा पहुंचना, उनकी समस्याओं को समझना और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना है। उन्होंने



कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथवार जिम्मेदारी दी गई है, ताकि कोई भी परिवार संपर्क से वंचित न रहे। कार्यक्रम में जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, विकास वाल्मीकि, अभिषेक सिंह पटेल, अभिमन्यु गंगवार, महेश राजपूत, सुनील वर्मा, दिनेश कोरी, संजीव पांडे, गोविंद पासवान, विनोद मौर्य सहित मंडल और बूथ स्तर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के दौरान पूरे गांव में सक्रियता का माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

# भीषण अग्निकांड में 20 एकड़ गेहूं की फसल राख, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के बीसलपुर क्षेत्र में शुक्रवार को भीषण अग्निकांड ने किसानों की सालभर की मेहनत को पल भर में राख कर दिया। मांसी पब्लिक स्कूल के पीछे स्थित खेतों में लगी आग ने करीब 20 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कई किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय अचानक खेतों से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज पछुआ हवाओं के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल ट्रैक्टरों और अन्य निजी संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटों की

## बीसलपुर क्षेत्र में तेज हवाओं ने बढ़ाई तबाही, कई किसानों को भारी नुकसान; प्रशासन ने शुरू कराया सर्वे।

तीव्रता के सामने उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक बड़ी मात्रा में फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी।

इस अग्निकांड में छेदालाल, प्रेमनारायण, बाबूराम (सभी निवासी बीसलपुर) और वीरपाल समेत कई किसानों की फसलें पूरी तरह जल गईं। इनमें से कई किसान पट्टे पर जमीन लेकर खेती कर रहे थे, जिनके सामने अब रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। अन्य छोटे किसान भी इस नुकसान से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में किसानों के बीच आक्रोश और चिंता का माहौल है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के बिल्कुल करीब थी और इस नुकसान ने उन्हें कर्ज के बोझ तले दबा दिया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है। बीसलपुर के एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही राजस्व टीम को मौके पर भेज दिया गया है। प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर किसानों को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है।

# खड़गे पर टिप्पणी से गरमाई सियासत, पीलीभीत में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा की कथित अभद्र टिप्पणी के बाद जनपद में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस बयान के विरोध में बुधवार को पीलीभीत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शहर के गैस चौराहे पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने हेमंत बिस्व सरमा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कृष्ण गंगवार ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी न केवल एक वरिष्ठ नेता का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं और राजनीतिक मर्यादाओं पर भी सीधा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की भाषा सत्ताधारी दल की सोच को दर्शाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि हेमंत बिस्व सरमा तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर सड़कों से लेकर संसद तक संघर्ष तेज करेगी। साथ ही देशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ने की भी चेतावनी दी गई।

इस दौरान मुनेन्द्र सक्सेना, राजेश वर्मा, हरिशंकर कश्यप, राकेश मिश्रा, कमल कुमार गौड़, गौरव शर्मा, श्रीकृष्ण, नंदकिशोर पाल, मुन्नी, मुशीर अहमद, पुष्पेंद्र शुक्ला, कामरान, रिजवान और इरफान उर्फ काके सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यह प्रदर्शन दर्शाता है कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर गंभीर और आक्रामक रुख अपनाए हुए है, जिसका असर आने वाले समय में व्यापक स्तर पर देखने को मिल सकता है।

## स्मार्ट मीटर बना उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द, बिल जमा न होने से कट रहे कनेक्शन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** पावर कॉरपोरेशन द्वारा शुरू की गई स्मार्ट मीटर योजना इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए राहत के बजाय बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। बिना सहमति के लगाए गए स्मार्ट मीटरों के बाद अब उपभोक्ता बिल जमा करने में भी जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि बिल पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे और बकाया दिखाकर बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। शुक्रवार को हालात यह रहे कि एसडीओ कार्यालय से लेकर एक्सईएन कार्यालय तक उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लगी रहीं। बड़ी संख्या में लोग बिजली कटने के बाद बिल जमा करने पहुंचे, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते उनका बिल जमा नहीं हो सका। कई उपभोक्ता एक्सईएन आशीष यादव के कक्ष के बाहर अपने बिलों में संशोधन कराने के लिए खड़े नजर आए। शहर निवासी रेनू ने बताया कि उनकी अनुमति के बिना स्मार्ट मीटर लगा दिया गया। अब तीन दिन से लगातार कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद उनका बिल न तो दिख रहा है और न ही जमा हो पा रहा है। उन्हें यह तक जानकारी नहीं मिल पा रही कि आखिर कितना बकाया है। उधर, बकाया दर्शाकर उनका बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया, जिससे घर में अंधेरा छा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति भी कम गंभीर नहीं है। किसान अपनी खेती-बाड़ी छोड़कर बिल जमा करने के लिए केंद्रों और उपकेंद्रों पर पहुंच रहे हैं। कई ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद शाम तक नंबर नहीं आता और उन्हें अगले दिन फिर से आना पड़ता है। शहर में नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग भी इस समस्या से अछूता नहीं है। कामकाज छोड़कर कार्यालय पहुंचने के बावजूद पोर्टल की खामी के चलते उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।

# निर्माणाधीन प्रवेश द्वार की बीम बीम ढहने से आधा दर्जन मजदूर घायल

**जन एक्सप्रेस । कुठौंद (जालौन)**



जालौन-औरैया स्टेट हाईवे पर सनगढ़ के पास निर्माणाधीन प्रवेश द्वार जो कि अचानक शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन गेट की एक बीम अचानक ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायल मजदूर सुनील पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम बघारिया औरैया रूप सिंह पुत्र छोटे रलीपुर भीखेपुर औरैया, गोविंद पुत्र जगत सिंह निवासी दयालपुर औरैया रवि पुत्र गया प्रसाद करियापुर सलेमपुर औरैया हीरो पुत्र जगदीश सिंह सलेमपुर औरैया की घायल अवस्था बहुत ही गंभीर हुई है। घायलों को उपचार हेतु विश्वनाथ प्रताप पुत्र गया प्रसाद निवासी सलेमपुर औरैया के द्वारा जिला अस्पताल उपचार हेतु ले गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनाई देने लगी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी घायल मजदूरों को तत्काल जिला चिकित्सालय चिचोली औरैया में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच मजदूरों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इस दुर्घटना के बाद निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और संबंधित एजेंसियों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। जालौन के एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। और घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे, पुलिस चैकी शंकरपुर प्रभारी रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, कांस्टेबल प्रवीण शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, गौरव उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार, तीन मजदूर घायल हुए हैं। प्रवेश द्वार का निर्माण कर रहे ठेकेदारों में अनिल कुमार पुत्र श्रीमन नारायण नया पटेल नगर उरई लाल जी दुहौलिया पुत्र रामस्वरूप नया पटेल नगर उरई, प्रवेश द्वार में लगाई गई शटरिंग मलिक अवधेश कुमार भाऊपुर औरैया के द्वारा निर्माण कार्य में शटरिंग को सेट करने कार्य निर्वाहन कर रहे थे।

## भाकिसं ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जालौन (उरई)।** भारतीय किसान सघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। भारतीय किसान संघ के जिलाध्क्ष अरूण कुमार सक्सेना के नेतृत्व में आनंद कुमार, अशोक तिवारी, अनूप द्विवेदी, प्रदुम्न दीक्षित इटहिया, भगवती शरण, राजकुमार, संजीव कुमार, श्रवण कुमार सिंह, रामपाल सिंह, हेमंत मोहित, राजेश पटेल, दिनेश, साहब सिंह निरंजन आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश व आलोवृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं। प्रभावित किसानों को 30 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाए। जिन किसानों की फसलें बोई गई थीं, उन्हीं को बीमित मानकर बीमा राशि का भुगतान किया जाए। जिन किसानों की फसलें दैवीय आपदा के चलते पूर्ण रूप से नष्ट हो गई हैं, उनका बैंक ऋण माफ किया जाए। जो बिजली लाइनें खराब हैं, उन्हें तत्काल दुरूस्त कराया जाए। निजी नलकूपों को 24 घंटे बिजली दी जाए। तहसील क्षेत्र में अभी सभी सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों का संचालन शुरू नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए। इसके अलावा बारिश व ओले गिरने की वजह से दागी हुई।

# हाईटेंशन विद्युत लाइन की चिंगारी से दो किसानों की फसल जलकर राख

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के महितापुर गांव में शुक्रवार को हाई टेंशन विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से दो किसानों के खेत मे खड़ी चार बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया।आग की लपटें देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र में महितापुर गांव में खेतों के ऊपर से गुजरी हाइटेंशन विद्युत लाइन में अचानक स्पार्किंग हुई और उसकी चिंगारी खेतो में खड़ी फसल में गिरने से किसानों को दर्द दे गई।इस अग्निकांड में महितापुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान सुखदेव यादव की लगभग 3 बीघा व पड़ोसी किसान राम प्रकाश की लगभग 1 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गयी।बताया जा रहा है कि हाईटेंशन विद्युत लाइन से निकली एक छोटी सी चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया और पलक झपकते ही दोनों किसानों की खेत मे खड़ी फसलें राख हो गईं।आग लगने की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों से कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। घटना की जानकारी राजस्व विभाग की टीम को दे दी गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते झोपडी में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र के खिम्मा पुरवा मजरा कुचिला विजना गांव निवासी कमलेश पुत्र रामपाल के यहां संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक झोपड़ी में अचानक आग लग गयी।आग की लपटों को देखते ही ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया हालांकि इस अग्निकांड में कोई खास नुकसान नही हो सका और समय रहते बड़ी घटना को ग्रामीणों ने सूझबूझ के चलते रोकने में सफलता हासिल कर ली।



## नशे में गाली गलौज व मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम नाऊपुरवा में नशे में गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक व्यक्ति से मारपीट की गई है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के नाऊपुरवा सर्वेन्द्र सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल की शाम गांव का अमित यादव उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर अमित ने परिवारजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से उन पर हमला कर दिया।शोर शराब सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर सर्वेन्द्र की जान बचाई, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और पुलिस जांच कर रही है।

# मिशन शक्ति अभियान: स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

हरपालपुर कोतवाली की महिला उप निरीक्षक अंजना सचान के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिया पहुंचकर छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। साथ ही सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे बच्चे किसी भी अनुचित व्यवहार की पहचान आसानी से कर सकें और सही समय पर आवाज उठा सकें।उप निरीक्षक अंजना सचान ने कहा कि बाल विवाह निषेध कानून के बारे में जानकारी देते हुए छात्रों को बताया गया कि बाल विवाह न केवल अपराध है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करता है। टीम की ओर से साइबर अपराधों पर भी विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रॉ, फर्जी वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड जैसे मामलों से बचने के उपाय बताए गए।

## दो शिक्षिकाओं को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित किया: डीआईओएस

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत करया है कि मिशन शक्ति फेस 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत Menstrual Hiegine Management MHM के अंतर्गत बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूक किये जाने हेतु जनपद से दो शिक्षिकाओं को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित किया गया है। सुश्री पूजा उपाध्याय राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संडीला एवं श्रीमती शिखा चौहान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हरदोई 15 व 16 अप्रैल को राज्य स्तर पर उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और नामित दोनों मास्टर ट्रेनर शिक्षिकाएं राज्य स्तर पर रुा।रूका प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करेंगी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय की शिक्षिकाएं अपने विद्यालय की बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जागरूक कर उन्हें संबल प्रदान करेंगी।

# बगैर प्रपत्र ओवरलोड मौरम भरकर फर्राटा भरते नौ ट्रकों को किया सीज

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**



खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। गुरुवार देर रात चले अभियान में टीम ने 9 ओवरलोड तथा बिना खनिज प्रपत्रों के ट्रक सीज किए है जिनके ऊपर लाखों का जुर्माना भी लगाया गया है।

क्षेत्र में खनिज के अवैध परिवहन को शायद शासन ने संज्ञान ले लिया है जिसके चलते अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर ने इस गोरखधंधे पर लगाम लगाए जाने के निर्देश दिए है जिसके लिए एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुआई में टीम का गठन किया गया है जिसमें क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के अलावा एआरटीओ व खनिज विभाग के जिम्मेदारो को भी जिम्मेदारी दी गई है इसी के चलते गुरूवार देरात एस डी एम की अगुआई मे आटा थाना क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग शुरू की गई थी इस दौरान टीम ने 9 ओवरलोड मौरम भरे ट्रकों को पकड़ा है जिनको पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। एसडीएम के अनुसार पकड़े गए ट्रकों पर लाखों का जुर्माना भी लगाया गया है तथा खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ आकस्मिक अभियान जारी रहेगा। वही प्रशासनिक टीम की कार्यवाही के बाद भी खनिज के अवैध परिवहन पर कोई ज्यादा असर नहीं है टीम के रोड से जाते ही वालू से भरे ओवरलोड ट्रकों के निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था जो घण्टों तक जारी रहा है जिससे अभियान की सफलता पर भी अंगुलिया उठाने लगी है।

### लोकेशन कारोबारी कार्यवाही मे बन रहे बाधा

ऐसा भी नहीं है कि प्रशासन वालू के अवैध परिवहन के खिलाफ गम्भीर नही है बल्कि लोकेशन कारोबारी उनकी राह में बड़ी बाधा है जो टीम सदस्यों के बाहर निकलते ही सक्रिय हो जाते है जिससे टीम को अपेक्षित सफलता नही मिल रही है और शासन और प्रशासन की मंशा पर पानी फिर रहा है।

## कांग्रेस की मांग ओला प्रभावित किसानों को मिले 50 हजार हैक्टेयर मुआवजा

**जालौन (उरई)।** ओलावृष्टि व बारिश के चलते किसानों की नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष राजाभइया दोहरे, अनिल यादव, गोल्डी अवस्थी, भगवतशरण शांडिल्य, फूल सिंह, अरविंद, डॉ. नरेंद्र शर्मा, प्रदुम्न दीक्षित, ओमनारायण, रामसिया देवी, अशोक दोहरे, सुधीर द्विवेदी, चंद्रशेखर वर्मा आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि दैवीय आपदा के चलते किसानों की कमर टूट चुकी है। खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो गई हैं। किसानों की मेहनत पर पानी फिर चुका है। अब उनके सामने पूरे साल भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसानों को 17000 रुपये प्रति हेक्टेयर का मुआवजा नाकाफी है। किसानों को कम से कम 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का मुआवजा दिया जाए।

# एलटी लाअन से निकली चिंगारी से गरीब का आशियाना हुआ खाक

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**



गुरुवार रात क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में घर के ऊपर से निकली एलटी लाईन से निकली चिंगारी से आग लग गयी। सूचना के बाद भी अग्निशमन दल देर से पहुंचा तब तक गृहस्वामी की गृहस्थी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

विगत तीन दिनों से महेवा ब्लॉक क्षेत्र में विद्युत की वजह से आग लगने की घटनाओं का सिलसिला जारी है गुरुवार दोपहर बैरई गांव में गेहूं के खेत मे आग लग गयी थी हालांकि नुकसान ज्यादा होता उससे पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था लेकिन गुरुवार देरशाम फिर इसी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मंगरौल में घर के ऊपर से निकली एलटी लाईन में फाल्ट होने से छत में रखे ईंधन मे आग लग गयी थी और जब तक गृहस्वामी को पता चलता तब तक आग ने विकराल रूप रख लिया था हालाकि घर से लपटे उठती देख ग्रामीणों ने अग्निशमन दल को सूचित कर आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। लेकिन आग ने बढ़कर पूरे घर को आगोश मे ले लिया था और जब तक अग्निशमन दल मौके पर आया तब तक गृहस्वामी का घर और गृहस्थी पूरी तरह से खाक हो चुकी थी अग्निकांड का शिकार हुए मईयादीन पुत्र कामता के अनुसार लगभग 9 बजे अचानक आग भडक गयी थी जिससे उसको सामान निकालने का भी मौका नहीं मिला था और उसके घर के साथ् गृहस्थी भी खाक हो गई है फिर भी अग्निशमन दल जल्दी आ जाता तो उसका नुकसान कम हो सकता था। ग्रामीण श्रीपाल, रामदास, सुधाकर अनूप आदि के अनुसार ग्रामीण अगर सक्रिय न होते तो आग अन्य घरो को भी चपेट में ले सकती थी पर मामले में अग्निशमन दल की भी लापरवाही सामने आई है क्योंकि सूचना के एक घण्टे बाद वह मौके पर पहुंचे थे तब तक सब कुछ राख हो चुका था। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार अग्निकांड की जानकारी हुई है लेखपाल को मौके पर जाकर क्षति का आकंलन करने के लिए भेजा गया है जल्द ही पीड़ित को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## गैर इरादतन हत्या मामले का आरोपी बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** घर में अलग रहने को लेकर पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद के बाद पुत्र ने पिता के सिर पर लोहे की रॉड मारकर उन्हें घायल कर दिया था। इलाज के दौरान पिता की मृत्यु होने के बाद मां ने कोतवाली में बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गांव के बाहर से पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतपुरा निवासी संदीप कुमार (45) का बड़ा बेटा सौरभ मानसिक रूप से बीमार रहता था। उसका इलाज भी चल रहा था। लेकिन पिछले कुछ समय से वह दवा का सेवन नहीं कर रहा था। बीती सात अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे पिता-पुत्र घर में अकेले थे। इसी दौरान अलग रहने और खाना बनाने को लेकर पिता व बेटे के बीच विवाद हो गया। हाथापाई के दौरान बेटे ने लोहे की रॉड से पिता के सिर पर हमला कर दिया था। हमले में घायल संदीप कुमार को परिजन उन्हें जिला अस्पताल फिर झांसी इलाज के लिए ले गए।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया




**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इंटर कॉलेज शाहाबाद में शुक्रवार को छात्र छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2025- 26 के दौरान शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा मेहनत का सम्मान ही बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है, और कड़ी मेहनत से ही सफलता के द्वार खुलते हैं। आज के विद्यार्थी ही हमारे देश का भविष्य हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद चंद्र वर्मा ने सभी सम्मानित हुए विद्यार्थियों को बधाई दी एवं इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अमित तिवारी ने छात्र छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8, 9, 11 में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं के नाम सुमित, विभा भारती, प्रांशु गौतम, भूमि , शिफा बानो, कार्तिकेय भारती शैरीन ,सोनम पांडे, संजय, अमन अनु ,अंशिका कठेरिया अंजलि, सुधांशु तिवारी, विवेक, योगेश, आज़मी, अंशिका पाल ,विजेंद्र प्रताप सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगो को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण में शुक्रवार को अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम ने गम्भीरी बालिका इंटर कालेज श्रीमऊ की छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गईं। अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला ने मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के गम्भीरी बालिका इंटर कालेज श्री मऊ में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को गुड़ टच व बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फाड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में आक्रोश, विरोध में किया हंगामी प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़ (जालौन)**




तहसील क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के विरोध में गुरुवार को माधौगढ़ नगर की महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग उठाई।

प्रदर्शन में शामिल नगर पंचायत माधौगढ़ की महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अचानक बढ़ गए हैं, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। उनका कहना था कि पुराने मीटर में बिल नियंत्रित रहता था, लेकिन अब अनियंत्रित बिल आ रहे हैं और सीधे जेब पर असर पड़ रहा है। वहीं बुजुर्गों ने भी इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बताते हुए इसे तत्काल हटाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में बुजुर्गों की मौजूदगी ने आंदोलन को और गंभीर बना दिया। लोग घंटों तक एसडीएम कार्यालय के बाहर डटे रहे और ÷स्मार्ट मीटर हटाओ÷ के नारे लगाते रहे। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ भी नाराजगी खुलकर सामने आई। प्रदर्शन कर रहे नगरवासियों ने बताया कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है, ऐसे में बढ़े हुए बिजली बिल उनके लिए दोहरी मार साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट के इस दौर में स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस प्रदर्शन के बाद पूरे माधौगढ़ क्षेत्र में हलचल मची हुई है और लोग इस मुद्दे को लेकर लगातार चर्चा कर रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग / टेंडर / 05 / 2026–27 |

**कार्य का नामः** एस एंड टी कार्य आईसीडब्ल्यू लखनऊ–अयोध्या कैंट सेक्शन पर एसएफएच–एमएल स्टेशनों के बीच किमी 1075.391 (बंद एलसी नंबर 182 / सी) पर अतिचार स्थान के बदले आरयूबी का प्रावधान और यूटीआर–एलकेओ सेक्शन पर एलबीएच और एलकेओ स्टेशनों के बीच आरओबी नंबर 789ए (सदर आरओबी) के पास किमी. 1071.404 पर आरयूबी का प्रावधान और उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सीनियर डीईएन–IV/एलकेओ के अंतर्गत एडीईएन/II-एसएलएन के अधिकार क्षेत्र में ओआरएन–3 पुलों (कुल 23 पुल) का पुनर्निर्माण।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | रु 5970033.52 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 119400.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.04.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / म.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–106–सिग / टेन्डर / 05 / 2026–27 दिनांकः 09.04.2026
1191/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आजमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत आवर्त जनपद आजमगढ़, मऊ एवं बलिया के

# निर्माण श्रमिकों के स्वयं अथवा उनकी पुत्रियों हेतु विवाह कार्यक्रम का जनपद आजमगढ़ आयोजन’

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़



सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार ने बताया है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित ष्कन्या विवाह सहायता योजनाष् के अन्तर्गत उनके पुत्रियों अथवा स्वयं के विवाह हेतु सामूहिक विवाह कार्यक्रम दिनांक ष्01 मई 2026 अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवसष् के अवसर पर आजमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत आवर्त जनपद आजमगढ, मऊ एवं बलिया के निर्माण श्रमिकों के स्वयं अथवा उनकी पुत्रियों हेतु विवाह कार्यक्रम का आयोजन जनपद आजमगढ़ में प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन उ0प्र0 एवं शासन के निर्देशानुसार किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें विवाह के उपरान्त श्रमिक के खाते में हित लाभके रूप में एस.एन.ए. के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में रू0-85000ध्- एकमुश्त दिया जायेगा। इस योजना में शामिल होने के लिए यह शर्त होगी कि श्रमिक का पंजीयन एक वर्ष पुरान श्रम विभाग में पंजीकृत हो। समाज कल्याण विभाग अथवा अन्य विभाग से समान प्रकार की योजना का लाभ प्राप्त न किया हों तथा श्रमिक की 02 पुत्रियों की सीमा तक ही उक्त योजना में हित लाभ देय ध् अनुमन्य होगा।

अतः बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है कि सामूहिक विवाह में स्वयं अथवा अपनी पुत्रियों का विवाह कराये जाने ध् सम्मिलित होनें हेतु शीघ्र ही ष्कार्यालय उपश्रमायुक्त, राहुल नगर, मड़या, आजमगढ़ष् में सम्पर्क स्थापित करते हुए आवश्यक अभिलेख जनसेवा केन्द्र ध् पोर्टल की अधिकृत वेबसाइ पद पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आवश्यक अभिलेख–**

1– श्रमिक का पंजीयन एक वर्ष (365 दिन) पुराना हो।
2– वर एवं वधू पक्ष का परिवार रजिस्टर एवं आधार कार्ड की प्रति ।
3– आयु प्रमाण–पत्र (परिवार रजिस्टर की नकल ध् हाईस्कूल मार्कशीट ध् जन्म प्रमाण–पत्र
4– स्वप्रमाणित घोषणा–पत्र ।
5– दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो।
6– मोबाइल नम्बर ।

## विनियमन शुल्क जमा न करने पर ईट-भट्ठे को किया गया सीज

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये भठ्ठे के संचालन करने पर उनके विरूद्ध लगातार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। खान निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया है कि आठ अप्रैल को तहसील रानीगंज में प्रेम नगर चौराहा के पास मेसर्स एम.एल.ए. ब्रिक फील्ड प्रोपराइटर मुस्ताक अहमद द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किये ईट बनाने हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली मिट्टी का खनन करते हुये भठ्ठे का संचालन किया जा रहा था जिससे राजस्व की क्षति हो रही थी। भठ्ठा स्वामी को बकाया विनियमन शुल्क जमा किये जाने हेतु भठ्ठे पर जाकर खनन विभाग द्वारा कई बार नोटिस दिया गया परन्तु भठ्ठा स्वामी द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि जमा नहीं करायी गयी जिस कारण तहसीलदार रानीगंज के द्वारा ईट भठ्ठे को सीज कर दियाग या है। खान निरीक्षक ने बताया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किये गये समस्त ईट-भठ्ठो को चिन्हित कर उस पर कार्यवाही की जा रही है।

# सीएमओ का औचक निरीक्षण, निर्माण कार्य में ढिलाई पर कड़ी फटकार

### बड़सरा खालसा सीएचसी दो माह में पूर्ण करने का अल्टीमेटम, साप्ताहिक रिपोर्ट अनिवार्य

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़



मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा द्वारा बड़सरा खालसा स्थित 30 शैया निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) का कल औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी एवं असंतोषजनक पाई गई, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित निर्माण संस्था के ठेकेदार को फटकार लगाई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उक्त निर्माण कार्य को अत्यंत प्राथमिकता के आधार पर आगामी दो माह के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण संस्था को निर्देशित किया कि कार्य की प्रति सप्ताह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट उनके कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए, ताकि कार्य की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने निर्माणाधीन भवन के विभिन्न भागों का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सीधे जनहित से जुड़ी हुई है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है।

# एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण, दिया निर्देश





जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर स्थित कान्हा गौशाला का गुरुवार को उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्र ने ईओ स्वतंत्र प्रताप सिंह के साथ व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपजिलाधिकारी ने गौशाला में चारा, पानी और अन्य सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला संचालक को पशुओं के लिए स्वच्छ पानी की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसा, दाना और साइलेज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। एसडीएम ने पशुओं को स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट रखने के लिए नियमित रूप से चारा-पानी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पानी के टैंकों में प्रतिदिन ताजा पानी भरवाया जाए। उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्र ने बताया कि गौशाला में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पशुओं के लिए चारा भूषा व साइलेज पर्याप्त मात्रा में मौजूद था। बाउंड्री वाल के लिए ईओ को निर्देशित किया गया है। इस दौरान पशु चिकित्सक के साथ ही नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## नशा करोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत महराजगंज पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं।
मुखबिर की सूचना पर पुरंदरपुर थाना पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम ने रानीपुर चौराहे के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में सवार दो आरोपियों क्रमशः राजेंद्र धरिकार उर्फ झूल निवासी जुगौली (सोनौली) और आदित्य कुमार मिश्रा निवासी कहरिया बुजुर्ग (कोल्हुई)—को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में कार की डिक्की से कुल 5700 एम्पुल इंजेक्शन बरामद हुए, जिनमें डायजेपाम, बुप्रेनॉर्फिन और प्रोमेथाजीन शामिल हैं। इन दवाओं का उपयोग सामान्यतः चिकित्सकीय कार्यों में होता है, लेकिन इनका अवैध रूप से नशे के लिए दुरुपयोग किया जाता है। बरामद इंजेक्शनों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है।

# जनहित में आवासीय नक्शों पर लगाई गई रोक को हटाए एडीए : इंजी जगदीश

### छह सूत्री मांगों को लेकर प्रोफेशनल इंजीनियर्स एण्ड आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन ने सीएम को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़




प्रोफेशनल इंजीनियर्स एण्ड आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष इंजी जगदीश प्रसाद सोनकर के नेतृत्व में गुरूवार को जनहित से जुड़े छह मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। संगठन ने आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की वर्तमान कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए सुधार की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष इंजी जगदीश प्रसाद सोनकर ने बताया कि एडीए की कार्य व्यवस्था के कारण आम जनता को कई प्रकार की समस्याओं और जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने 25वीं बोर्ड बैठक के निर्णय का हवाला देते हुए आवासीय नक्शों पर लगाई गई रोक को तत्काल हटाने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि उक्त कार्यो से न केवल सरकारी राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि अवैध निर्माण पर भी रोक लगेगी। इसके अलावा, संगठन ने अवर अभियंता (मैकेनिकल) के स्थान पर सिविल अवर अभियंता की नियुक्ति करने की मांग उठाई है, ताकि भवन निर्माण से जुड़े नक्शों की स्वीकृति प्रक्रिया सुगम हो सके।

इंजी सुनील यादव ने बताया कि हमारी मांगों विकास प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को हटाकर स्थायी और योग्य अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, जिससे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। संगठन ने पोर्टल में हुए बदलाव के बाद पंजीकृत इंजीनियरों, आर्किटेक्ट्स और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता भी बताई। साथ ही सुपरवाइजर के लाइसेंस के अनुसार 100 से 200 वर्ग मीटर तक की स्वीकृति सुविधा को विभागीय पोर्टल पर तत्काल लागू करने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी बिंदुओं पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर ई0 राजगौरव वर्मा, ईजी0 विनोद पाण्डेय, इंजी अमित यादव, हलीमुल्लाह आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावली का हुआ अंतिम प्रकाशन, 21.75 लाख मतदाता दर्ज

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 अप्रैल 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के अन्तर्गत जिले के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, रामपुरखास, बाबागंज, ( अ.जा. ), कुण्डा, विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़, पट्टी एवं रानीगंज की निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को करा दिया गया। आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तिम रूप से प्रकाशित की गयी विधानसभा निर्वाचक नामावलियो की हार्डकापी एवं सॉफ्टकापी ( बिना फोटो वाली मतदाता सूची की पीडीएफ ) जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलो के अधिकृत प्रतिनिधियों को निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में बैठक आहूत की गयी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियो को अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की हार्डकापी एवं सॉफ्टकापी उपलब्ध करायी गयी। बैठक में बताया है कि अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में कुल 2175863 मतदाता दर्ज किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या में रामपुरखास में 290404, बाबागंज में 278010, कुण्डा में 312461, विश्वनाथगंज में 343412, प्रतापगढ़ में 304324, पट्टी में 334529 तथा रानीगंज में 312723 मतदाता शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली सभी मतदेय स्थलों, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), तहसील कार्यालयों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय प्रतापगढ़ में व एनआईसी की वेबसाइट पर निःशुल्क अवलोकन कर सकते है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि वे अपने नाम एवं विवरण की पुष्टि के लिए निर्वाचक नामावली का अवश्य निरीक्षण करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम किसी कारणवश अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सका है तो फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा सकते है। बैठक में उपजिलाधिकारी तनवीर अहमद, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, बहुजन समाज पार्टी के जिला महासचिव सादिक अली, भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री विक्रम सिंह, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के सचिव लाल बहादुर तिवारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, अपना दल (सोनेलाल) के प्रदेश महासचिव परमानन्द मिश्र सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में बंद दुष्कर्म आरोपी की जलकर संदिग्ध मौत

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिला कारागार में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब दुष्कर्म (पॉक्सो एक्ट) के एक आरोपी बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जलकर मौत हो गई। जेल के भीतर हुई इस घटना से जेल प्रशासन और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कई उच्चाधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। ?मृतक बंदी की पहचान दीपक उर्फ राहुल, निवासी उन्नाव के रूप में हुई है। वह पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में जिला कारागार में बंद था। आशंका जताई जा रही है कि शुक्रवार को उसने जेल परिसर के भीतर ही आत्मदाह का प्रयास किया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि, जेल जैसे सुरक्षित स्थान पर आग लगने की इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ?घटना की जानकारी मिलते ही दोपहर करीब 2 बजे पुलिस के आला अधिकारी और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम जेल पहुंची। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को किया गया अनिवार्य

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़

जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रगति पर है। इसके लिए दिनांक 6 से 15 अप्रैल तक विशेष कैम्प अभियान के द्वारा किसान पहचान पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्हीं कृषकों को प्रदान की जाएगी, जिनके किसान पहचान पत्र जारी किए गए हों। राज्य सरकार द्वारा इस नीति का अनुसरण करते हुए कृषि एवं सहयोगी विभाग यथा उद्यान, पशुपालन, मत्स्य सहकारिता, लघु सिंचाई इत्यादि की लाभार्थीपरक योजनाओं का क्रियान्वयन किसान पहचान पत्र के आधार पर किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत प्रथम चरण में कृषि विभाग द्वारा लाभार्थीपरक योजनाओं यथा उर्वरक, बीज कीटनाशी एवं अन्य इन्पुट के वितरण व लाभार्थियों के चयन में किसान पहचान पत्र को आधार बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय किए जाने वाले कृषि उत्पाद, गेहूं, धान, दालें, सरसो इत्यादि के क्रय के लिए किसान पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा तथा क्रय केंद्र पर कृषकों से खरीद से पूर्व उनके किसान पहचान पत्रों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। प्रदेश में अनुदानित रासायनिक उर्वरकों का वितरण, कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त आवंटन के आधार पर सहकारिता विभाग द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं द्वारा किया जाता है। वर्तमान में उर्वरकों का वितरण पीओएस मशीनों के माध्यम से आईएफ़एमएस पोर्टल की सहायता से किया जाता है। मई माह से यह वितरण किसान पहचान पत्र के आधार पर ही किया जाएगा, जिसके लिए आईएफ़एमएस पोर्टल को एग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़ा जाएगा। कृषि विभाग की समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं में किसान पहचान पत्र एवं फार्मर रजिस्ट्री की मदद से लाभार्थियों का चयन करने हेतु कृषि विभाग द्वारा अपने पोर्टल को 1 मई तक तैयार किया जाएगा। खाद्य एवं रसद विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाने वाली समस्त खरीद में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र फार्मर आईडी को अनिवार्य करते हुए मात्र उन्हीं किसानों से खरीद की जाएगी, जिनके पास किसान पहचान पत्र होंगे।

## शिक्षण संस्थाओं के लॉगिन पर लम्बित डाटा को 16 अप्रैल 2026 के पूर्व पात्र होने की दशा में अग्रसारित करें’

**आजमगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने जनपद के समस्त अन्य दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओ को अवगत कराया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन को संस्था स्तर से अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2026 निर्धारित है। शिक्षण संस्थाओं की लॉगिन पर अभी तक 363 डाटा लम्बित है। उक्त के क्रम जनपद के समस्त अन्य दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि लॉगिन पर लम्बित डाटा को अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2026 के पूर्व पात्र होने की दशा में अग्रसारित एवं अपात्र की दशा में निरस्त करते हुए शत् प्रतिशत कार्यवाही करना सुनिश्चत करें।

# विद्यालयों में फीस, ड्रेस और किताबों पर सख्ती : डीएम ने जारी किए निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जनपद में विद्यालयों की फीस, पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी वित्तविहीन विद्यालयों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे शुल्क विनियमन कानूनों का कड़ाई से पालन करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 एवं संशोधित अधिनियम 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने पिछले पांच वर्षों की फीस, ड्रेस और पुस्तकों के विवरण की जांच के लिए त्रिसदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए। यह समिति नायब तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी और राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक को शामिल करते हुए जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी। डीएम ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिया कि वे अपनी वेबसाइट और सूचना पट्ट पर पिछले पांच वर्षों का शुल्क विवरण, ड्रेस और पुस्तकों की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विद्यालयों ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ष्क्क्) + 5त्र से अधिक फीस बढ़ाई है, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और अतिरिक्त शुल्क को समायोजित कराया जाएगा। इसके अलावा, विद्यालयों में गणवेश में बार-बार बदलाव पर भी रोक लगाई गई है। निर्देश दिए गए हैं कि पांच लगातार शैक्षणिक वर्षों के भीतर यूनिफॉर्म में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी विद्यालय किताबें, कॉपी, स्टेशनरी या यूनिफॉर्म के लिए किसी विशेष दुकान को बाध्य नहीं करेगा और न ही स्वयं इनका विक्रय करेगा। केवल मान्यता प्राप्त पुस्तकों का ही संचालन होगा तथा जिन सुविधाओं का संचालन विद्यालय द्वारा नहीं किया जा रहा है, उनका शुल्क अभिभावकों से नहीं लिया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पी.के. शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऋद्धि पांडेय और एआरटीओ मनोज सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन के इन सख्त निर्देशों से अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद है और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# वार्षिकोत्सव बच्चों की रचनात्मकता को निखारने का प्रभावी माध्यम : मण्डलायुक्त





**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय रेवरादास में गुरुवार को रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के स्टाफ संजय कुमार, डॉ वंदना सिंह, भागीरथी यादव, राजरतन बौद्ध, अनिल दुबे, अनीता वर्मा, सीता चौधरी, नेवालती वर्मा, वंदनी चौरसिया, प्रिया, पप्पू तिवारी के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति की सराहना करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम होता है। यह कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता को निखारने का प्रभावी माध्यम है। इस प्रकार, वार्षिकोत्सव बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सीखने और आत्मविकास का महत्वपूर्ण अवसर होता है। इसके साथ ही, बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। वे समय प्रबंधन, जिम्मेदारी निभाने और सहयोग की भावना सीखते हैं। विद्यालय के बच्चे सृष्टि, आंचल, अंशिका, दिव्यांशी, शारजहां, अनन्या, रागिनी, गरिमा, सिद्धि, साक्षी, श्लोक, शिवम, अमित, मोहित, अंजली, आलिया, सौम्या, आयुष आदि द्वारा एक से एक बढ़कर गीत, नाटक, कव्वाली, कजरी आदि प्रस्तुतियों ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश भक्ति, नशा मुक्ति, गांव गीत, बेटी गीत, स्कूल चलो अभियान, भगवान राम गीत, दहेज प्रथा नाटक आदि एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी गई। बच्चों के शानदार कार्यक्रम पर उन्हें पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक कान्त पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर एसडीएम हरैया सत्येन्द्र सिंह, पूर्व प्रमुख योगेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह मंजुल, डॉ अभय कुमार सिंह, बीईओ विजय आनंद, बड़कऊ वर्मा, थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह, डॉ दीनानाथ पटेल, विनोद वर्मा, अंतेश सिंह बब्बू, पवन सिंह, सुभाष त्रिपाठी, चंद्रिका सिंह, बालकृष्ण ओझा, राजकुमार तिवारी, राम सागर वर्मा, विकास पाण्डेय, सत्यराम वर्मा, शिव प्रकाश सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, रवीश मिश्र, मनोज मिश्र, काशीराम वर्मा, योगेश सिंह, प्रशांत सिंह, मानिकराम वर्मा, संदीप सिंह, सुग्रीव वर्मा, विद्यासागर वर्मा, भानू वर्मा, राकेश वर्मा, भीम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जौनपुर पुलिस लाइन में सख्त अनुशासन की झलक : शुक्रवार परेड में स्स्क्ने लिया जायजा, हर व्यवस्था पर पैनी नजर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस व्यवस्था और अनुशासन की सख्त तस्वीर देखने को मिली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुँवर अनुपम सिंह ने परेड की सलामी लेकर न केवल ड्रिल का निरीक्षण किया, बल्कि प्रशिक्षण, अभिलेखों और संसाधनों की भी गहन समीक्षा की। परेड ग्राउंड में स्स्क्ने टोलीवार ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए एकरूपता और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के पासिंग आउट परेड के अभ्यास का जायजा लेकर उसे और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। परेड के बाद अर्दली रूम में महत्वपूर्ण रजिस्टरों और अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। स्स्क्ने निर्देश दिया कि सभी रिकॉर्ड अद्यतन और सुव्यवस्थित रखे जाएं, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान क्क-112 वाहनों, अन्य राजकीय गाड़ियों और निगरानी में उपयोग हो रहे ड्रोन कैमरों की स्थिति का भी बारीकी से परीक्षण किया गया। वाहनों की सफाई, उपकरणों की कार्यक्षमता और रख-रखाव को लेकर संबंधित प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

# सदैव याद किया जायेगा होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुएल हैनिमैन का योगदान : डॉ. वी.के. वर्मा



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुएल हैनिमैन की जयंती शुक्रवार को पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड आयुष पैरा मेडिकल कालेज गोटवा में विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया गया। प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा, डाक्टर और छात्रों ने सैमुएल हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् किया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में डा. वर्मा ने उपस्थित लोगों को सैमुएल हैनिमैन और होम्यापैथी औषधियों के कारगर प्रयोग की विस्तार से जानकारी दिया। कहा कि होम्योपैथी अब भारत सहित पूरी दुनियां में मरीजों के साथ ही असाध्य रोगों का भी कारगर उपचार कर रही है। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

कहा कि हृदय रोग, पथरी, डेगू, चिकनगुनिया आदि रोगों में होम्योपैथी कारगर सिद्ध हो रही है।

डा. वर्मा ने बताया कि सैमुएल हैनिमैन का जन्म 1755 में हुआ था। वह यूरोप देश के जर्मनी के निवासी थे वे एलोपैथी के चिकित्सक थे साथ में बहुत सारी यूरोपियन भाषाओं के ज्ञाता भी थे। उनके पिताजी एक पेंटर थे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। स्कूली शिक्षा के बाद एक मेडिकल की तैयारी करने के लिए कॉलेज गए इनकी पारिवारिक स्थिति कमजोर होने के कारण इन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा इनके कॉलेज के एक अध्यापक ने इनकी गरीबी को देखकर इनकी पढ़ाई में इनका सहयोग किया और पैसे की तंगी के बाद भी इनकी पढ़ाई लगातार चलती रही जब उन्होंने मेडिकल कंप्लीट किया तो इन्हें प्रेक्टिस करना था प्रेक्टिस करने के लिए ये गांव गांव में प्रैक्टिस करने लगे लेकिन प्रेक्टिस करने के दौरान उन्हें उस समय की चिकित्सा प्रणाली ठीक नहीं लगी क्योंकि उस समय आधुनिक तरह-तरह से चिकित्सा करने की प्रणालियों की कमी थी जिस वजह से उन्होंने अपनी प्रेक्टिस को बीच में ही छोड़ दिया और होम्योपैथी चिकित्सा का वरदान समूचे विश्व को दिया।

उपस्थित लोगों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये डा. वर्मा ने बताया कि होम्योपैथी लक्षणों पर आधारित चिकित्सा पद्धति है और इसके द्वारा अनेक असाध्य रोगों को दूर किया जा सकता है। सैमुएल हैनिमैन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा.आलोक रंजन वर्मा, चन्दा सिंह, डा.मनोज कुमार, डा.आर.एन. चौधरी, शिव प्रसाद, रितेश चौधरी, राजेश सिंह, लालजी, पवन गुप्ता, डा. गुलाब चन्द वर्मा, हिमांशी वर्मा, उमा दूबे, वीरेन्द्र वर्मा, विनोद कुमार, शालू, फूलपत्ती, शिप्रा, लक्ष्मी, गोल्डी के साथ ही छात्र शामिल रहे।

# बस्ती नगरपालिका को मिला एक जेसीबी, एक पोकलैण्ड, अध्यक्ष ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



नगरपालिका परिषद अध्यक्ष नेहा वर्मा ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बस्ती के बेड़े में दो नए वाहन एक जे.सी.बी. और एक मिनी पोकलैंड का विधि विधान से पूजन कर उसे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कहा कि एक जे.सी.बी. और एक मिनी पोकलैंड मशीन के आ जाने से शहर को स्वच्छ रखने के साथ ही अन्य विकास कार्यो में सुविधा होगी। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिये निरन्तर चरणबद्ध अभियान जारी है। सड़क, पथ प्रकाश, शुद्ध पेयजल आपूर्ति के साथ ही वार्डो का विकास किया जा रहा है। नगरपालिका क्षेत्र के विकास के लिये अनेक लम्बित प्रस्तावों को स्वीकृति मिलते ही विकास कार्यो में और तेजी आयेगी।

अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में नागरिक समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा, सभासद जगदीप श्रीवास्तव, जीवन चौधरी लारा कृष्ण कुमार पाण्डेय, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, दिनेश गुप्ता, इन्द्रावती देवी, अमरावती देवी, रवि पासवान, महेन्द्र सोनकर, मो. आमिर, रमेश गुप्ता, सुभाष श्रीवास्तव डब्लू, शोभी सोनकर, अश्विनी श्रीवास्तव, प्रमोद कन्नौजिया, अमरनाथ चौरसिया, मृदुला शुक्ला, अभिषेक चौधरी के साथ ही अर्पित निगम, अर्चना कुमारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अवधेश चन्द्र यादव, सदन लिपिक राजीव शंकर श्रीवास्तव, वाहन लिपिक शुभम शेखर यादव, अजय तिवारी, अभिषेक सिंह, अमित कुमार शुक्ला के साथ ही पूर्व सभासद सचिन शुक्ल, आशीष शुक्ल के साथ् ही नगरपालिका कर्मी, सभासद आदि उपस्थित रहे।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का हुआ अंतिम प्रकाशन





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंन्द्र की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के आलेख्य प्रकाशन एवं अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दौरान दावा एवं आपत्ति अवधि 06 जनवरी से 06 मार्च 2026 तक नागरिकों से दावे व आपत्तियां ली गई, इसी अवधि में गणना चरण में मिलान न कराने वाले मतदाताओं तथा मिलान में तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को एवं सुनवाई चरण 06 जनवरी से 27 मार्च 2026 तक निर्गत नोटिस एवं पूर्ण की गई सुनवाई से संबंधित आंकड़े इस प्रकार हैं। मिलान न कराने वाले (नो मैपिंग) मतदाताओं की कुल संख्या 289452, मिलान में तार्किक विसंगतियों वाले मतदाताओं की संख्या 563263 है, जेनरेटेड नोटिस की कुल संख्या 852715 है तथा 27 मार्च 2026 तक सुनवाई हेतु उपस्थित मतदाताओं की संख्या 840821 है। 10 अप्रैल 2026 को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में मतदाताओं का विवरण इस प्रकार है, पुरुष मतदाता 1732222, महिला मतदाता 1486556 तथा तृतीय लिंग 119 है, इस प्रकार कुल मतदाता 3218897 है।इसके साथ ही विधानसभावार मतदाताओं की संख्या से भी अवगत कराया गया जो इस प्रकार है, विधानसभा क्षेत्र 364-बदलापुर में 330446, 365-शाहगंज में 381806, 366-जौनपुर में 401871, 367-मल्हनी में 341284, 368-मुंगराबादशाहपुर में 349094, 369-मछलीशहर में 365941, 370-मडियाहू में 313529, 371-जाफराबाद में 350740, 372-केराकत में 384186 मतदाता है जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- 2026 प्रारम्भ होने के पश्चात पारदर्शिता और सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण के साथ जनपद स्तर पर लगातार बैठके आयोजित की गई तथा मा0 भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशों एवं कार्य के अद्यतन प्रगति से उन्हें अवगत कराते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उनसे फीडबैक और सुझाव भी प्राप्त किये गये। सभी के साथ समन्वय करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संपूर्ण कार्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया गया इसके पश्चात मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की प्रति भी उपलब्ध कराई इस दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण द्वारा जिला प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा तथा उनके समन्वय एवं सहयोग की सराहना की गयी। साथ ही कहा गया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान पूरा सहयोग मिला।इस अवसर पर सम्मानित जिलाध्यक्ष/ जनप्रतिनिधि राकेश मौर्य, संग्राम भारती, राकेश सिंह 'डब्बू', चन्द्रेज भारती, अनुराग मणि त्रिपाठी, विनय राव, लाल बहादुर त्रिपाठी, विनय राव, जयप्रकाश, योगेश विश्वकर्मा, आरिफ हबीब, नरेन्द्र उपाघ्याय, सहित अन्य प्रतिनिधिगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानंद झा, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, सै0 मो0 मुस्तफा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## फसल में नुकसान की शिकायत पर पड़ोसी काश्तकार ने किशोर को पीटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन उदयीपुर दीपी गांव में गत बुधवार को गेहूं की तैयार फसल लोटपोट हो जाने से हुए नुकसान की शिकायत करना एक किशोर को भारी पड़ गया। आरोप है कि इसी गांव निवासी व पड़ोसी काश्तकार एक महिला सहित चार आरोपितों ने किशोर को लात घूंसो और डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे उपचार हेतु सीएससी ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। घायल की हालत ठीक होने के बाद शुक्रवार को उसकी माता ने महिला सहित चारों आरोपितों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। गांव निवासी किरन पाण्डेय का आरोप है कि उसका 16 वर्षीय पुत्र गोविंद खेत में फसल देखने गया था। जहां लोटपोट हुई फसलों को देख उसने इसकी शिकायत बगल अपने खेत में काम कर रहे काश्तकार से की। इसी बात को लेकर दोनों में नोंकझोंक शुरू हो गई। आरोप है कि तभी उक्त काश्तकार की तरफ एक महिला सहित तीन लोग मौके पर आ गये। उक्त लोग किशोर को घेर गाली -गलौज करते हुए लात-घूंसे व डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दिए। जिसमें किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया।

## सीडीओ ध्रुव खाडिया सख्त : पीएम सूर्य घर योजना में तेजी लाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जौनपुर नॉर्थ के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया ने की, जिसमें बैंकिंग तंत्र को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक में यूनियन बैंक जौनपुर नॉर्थ के क्षेत्र प्रमुख संतोष कुमार, जौनपुर साउथ के क्षेत्र प्रमुख शशिकांत प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबंधक अभय प्रकाश श्रीवास्तव सहित जनपद की विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक मौजूद रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर शीघ्रता से अपलोड (सोर्स), स्वीकृत (सैंक्शन) और निर्धारित समयसीमा में वितरित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि बैंक शाखाएं वेंडर्स के साथ समन्वय स्थापित कर आम नागरिकों को पीएम सूर्य घर योजना के प्रति जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

# सड़क दुर्घटना में रोडवेज बस, ट्रक और स्कूटी की टक्कर हो गई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (ह्ला-731) पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में रोडवेज बस, ट्रक और स्कूटी की टक्कर हो गई।इस हादसे में स्कूटी सवार एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बक्सा थाना क्षेत्र के कुलहनमौ स्थित हरिहर पब्लिक स्कूल के पास हुई।

जानकारी के अनुसार, वाराणसी से जौनपुर जा रही रोडवेज बस (क्र0 स्न्न्न 0448) ने एक ट्रक को ओवरटेकह्र करने का प्रयास किया। इस दौरान बस अनियंत्रित होकर उसी ट्रक से (क्क्र28 तक्क 7515) से टकरा गई। कुलहनमौ मोड़ पर बस की गति तेज होने के कारण वह सामने से आ रही एक इलेक्ट्रिक स्कूटी को भी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल स्कूटी सवार की पहचान बैसपार निवासी शिवम यादव के रूप में हुई है। शिवम टीडीह्र कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है और घटना के समय वह अपनी परीक्षा देने जा रहा था। शिवम के भाई रामशंकर यादव ने बताया कि शिवम परीक्षा की तैयारी के साथ घर से निकला था और कुलहनमौ तिराहे के पास यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल शिवम को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद रोडवेज बस और ट्रक के चालक अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर बक्सा थाना पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल किया। हल्का प्रभारी राम मिलन तिवारी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। रोडवेज बस के नंबर के आधार पर चालक की पहचान की जा रही है।

# दबंग प्रधान की दहशत DM के आदेश के बाद भी नहीं लगा बिजली कनेक्शन

## युवक ने लगाई जान-माल की गुहार

**जन एक्सप्रेस जौनपुर**



जौनपुर जिले के गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सोनारी गांव से एक बेहद चौंकाने वाला और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दबंग ग्राम प्रधान साहब लाल मिश्र की कथित दबंगई के आगे पूरा सिस्टम बेबस नजर आ रहा है।

गांव निवासी अर्नव मिश्रा ने अपने घर पर बिजली कनेक्शन के लिए विधिवत आवेदन किया था, जिसे विभाग द्वारा स्वीकृति भी मिल चुकी थी।

यहां तक कि 9 अप्रैल 2026 को बिजली विभाग के छ्श्व/स्छ्ह और पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन इसके बावजूद कनेक्शन नहीं लग सका।

आरोप है कि गांव के दबंग प्रधान सब लाल मिश्र और नीतीश मिश्रा शैलेश मिश्रा हर्षित मिश्रा सर्वेश मिश्रा द्वारा खुलेआम विरोध करते हुए न सिर्फ कनेक्शन लगने से रोका, बल्कि गाली-गलौज, मारपीट की कोशिश और जान से मारने की धमकी तक दे डाली

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी पक्ष ने युवक के घर पर चढ़कर हमला करने की कोशिश की, जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल है।

हैरानी की बात यह है कि पीड़ित का घर ट्रांसफॉर्मर से महज 30 मीटर की दूरी पर है, फिर भी जानबूझकर उसे बिजली कनेक्शन से वंचित रखा जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिलाधिकारी द्वारा आदेश दिए जा चुके हैं, तो फिर आखिर किसके दम पर एक ग्राम प्रधान खुलेआम सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखा रहा है?

### क्या उसे किसी बड़े राजनीतिक संरक्षण का सहारा प्राप्त है?

पीड़ित युवक ने इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की, लेकिन वहां से भी उसे राहत नहीं मिल सकी। उल्टा, शिकायत करने पर उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। एक तरफ सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जौनपुर में एक जनप्रतिनिधि ही आम जनता के अधिकारों पर डाका डालता नजर आ रहा है। जिस प्रधान का काम जनता की सेवा करना है, वही आज भय और उत्पीड़न का कारण बन चुका है।

अब बड़ा सवाल यह है कि-झ

क्या जिला प्रशासन इस दबंगई पर कार्रवाई करेगा? क्या पीड़ित को उसका हक मिल पाएगा?

या फिर इसी तरह दबंगों के आगे कानून और प्रशासन घुटने टेकता रहेगा? फिलहाल, अर्नव मिश्रा और उसका परिवार दहशत में जीने को मजबूर है और प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगा रहा है।

# जौनपुर पुलिस लाइन में खेलों का जलवा : RTC स्पोर्ट्स मीट 2026 का भव्य समापन, खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर पुलिस लाइन में आयोजित ऋञ्चष्ट स्पोर्ट्स मीट 2026 का सफलतापूर्वक समापन हो गया। 5 अप्रैल से 9 अप्रैल तक चले इस आयोजन में रिक्रूट आरक्षियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए अपनी फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह 9 अप्रैल को आयोजित हुआ,

जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पुलिस बल में शारीरिक दक्षता के साथ-साथ टीम वर्क और अनुशासन को मजबूत करती हैं।

**इन प्रतियोगिताओं में रहे विजेता :**

वॉलीबॉल में टोली नंबर 21 विजेता और टोली नंबर 04 उपविजेता रही।
रस्साकसी में टोली नंबर 16 ने बाजी मारी, जबकि टोली नंबर 17 उपविजेता रही।
रिले 4म100 मीटर दौड़ में टोली नंबर 02 विजेता और टोली नंबर 14 उपविजेता रही।
100 मीटर दौड़ में टोली नंबर 09 ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि टोली नंबर 04 दूसरे स्थान पर रही।
400 मीटर दौड़ में टोली नंबर 23 विजेता और टोली नंबर 02 उपविजेता रही।
बैडमिंटन में टोली नंबर 05 विजेता और टोली नंबर 15 उपविजेता रही।

### खेल भावना और अनुशासन का संदेश

एसएसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं पुलिस कर्मियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाती हैं, जिससे वे अपनी ड्यूटी और बेहतर ढंग से निभा पाते हैं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सृष्टि जैन सहित अन्य अधिकारीगण, प्रतियोगिता समिति के सदस्य, निर्णायकगण और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन के दौरान पुलिस लाइन का माहौल उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना से सराबोर रहा।

यह आयोजन जौनपुर पुलिस के प्रशिक्षण और फिटनेस स्तर को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

**पं0 राजनारायण मिश्र डिग्री कॉलेज**
**मिश्रापुर धूता, गुलरिहा, जगतपुर, रायबरेली।**

पत्रांक : मे0मो0/2026 — दिनांक : 07-04-2026

**आवश्यकता है**

पं0 राजनारायण मिश्र डिग्री कॉलेज, मिश्रापुर धूता, गुलरिहा, रायबरेली में निम्न विषयों में असिस्टेन्ट प्रोफेसरों की।

| | |
|---|---|
| बी0ए0- | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र (प्रत्येक में 2 पद)। |
| बी0एस0सी0- | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित (प्रत्येक में 2 पद)। |
| एम0ए0- | भूगोल-2 पद, समाजशास्त्र-2 पद। |
| एम0एस0सी0- | जन्तु विज्ञान-4 पद, गणित-4 पद। |
| शैक्षिक योग्यता एवं वेतन- | यू0जी0सी0 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिनियमावली के अनुसार। |
| सम्पर्क सूत्र- | 9415014702 |

प्रबन्धक-ओम प्रकाश मिश्रा
मोबा.-9305456797

# कोतवाली सदर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय जुआ-असलहा सप्लाई गैंग किया खुलासा

## 6 आरोपी गिरफ्तार, 4 लाख 91 हजार रुपए कैश व पिस्टल-तमंचा सहित गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय जुआ और असलहा सप्लाई करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर कोतवाली सदर पुलिस ने यह सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने ग्राम रंगीलानगर स्थित एक फार्म हाउस पर छापा मारा, जहां आरोपी जुआ खेल रहे थे।
मौके से 4 लाख 91 हजार रुपये नकद, दो.32 बोर की पिस्टल, चार. 315 बोर के तमंचे, जिंदा कारतूस, 52 ताश के पत्ते, एक विटारा ब्रेजा कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।
गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान मोहन मिश्रा उर्फ पिंकू, सुनील कुमार दीक्षित उर्फ मुन्ना, प्रेम किशोर गुप्ता, पप्पू उर्फ जफर, फैजान और अरुण कुमार वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इनमें से कई अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर हैं और उनके खिलाफ हत्या, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट तथा जुआ अधिनियम सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।
पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बरामद वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया है।
इस कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी सदर विवेक कुमार तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली सदर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नाली विवाद में चार गिरफ्तार, बिल्हौर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना बिल्हौर क्षेत्र के ग्राम सिहुरा दाराशिकोह में नाली के पानी निकासी को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना उस समय हुई जब स्थानीय पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग नाली निर्माण और पानी निकासी को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि आरोपी आपस में विवाद कर रहे थे और समझाने के बावजूद शांत होने को तैयार नहीं थे। उल्टा, वे और अधिक उत्तेजित होकर फसाद पर आमादा हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चारों आरोपियों—सन्तराम (57 वर्ष), राजबलि (55 वर्ष), विशाल (19 वर्ष) और लाखन (40 वर्ष), सभी निवासी ग्राम निबौरी—को गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत चालान कर उन्हें कार्यपालक मजिस्ट्रेट/सहायक पुलिस आयुक्त, बिल्हौर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# युवराज दत्त महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



युवराज दत्त महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच रैगिंग की समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना तथा एक सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. हेमन्त कुमार पाल ने की। एंटी रैगिंग सेल के संयोजक प्रो. सुभाष चन्द्रा ने अपने संबोधन में रैगिंग को एक गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए कहा कि यह न केवल विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि शिक्षा के मूल उद्देश्यों के भी विपरीत है। उन्होंने विद्यार्थियों को आपसी सम्मान, सहयोग एवं सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी। डॉ. अजय वर्मा ने एंटी रैगिंग से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की रैगिंग की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रो. एस. के. पाण्डेय ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान पर चर्चा की। मिशन शक्ति की संयोजिका प्रो.नीलम त्रिवेदी ने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं हेतु सुरक्षित एवं संवेदनात्मक वातावरण के लिए प्रतिबद्ध है।
इस दिशा में महाविद्यालय की एंटी रैगिंग समिति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य कर रही है। प्रो. ज्योति पंत ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं अन्य छात्रों की अपेक्षा अधिक असुरक्षित होती हैं तथा उन्हें संरक्षण प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। डॉ. विशाल द्विवेदी ने महाभारत के उदाहरणों के माध्यम से आचरण एवं संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रैगिंग को एक चिंताजनक प्रवृत्ति बताते हुए अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्रति सहयोगपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर बल दिया।
उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित बड़ी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसानो की समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उप जिला अधिकारी को सौपा गया ज्ञापन

**भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की अगुवाई मे सौपा गया ज्ञापन**



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला गोकर्णनाथ-खीरी को सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दैवीय आपदा से किसानों की क्षतिग्रस्त गेहूँ की फसल का मुआवजा दिये जाने एवं सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद किये जाने के सम्बन्ध में।
किसानों की विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन निम्नवत् है
यह कि ध्यान आकर्षित कराना है कि बेमौसम हुई बरसात एवं ओलावृष्टि व आंधी-तूफान से क्षेत्र के किसानों की गेहूँ की तैयार खड़ी पकी फसल पूरी तरह नष्ट हो गयी है, किसानों के जीवन यापन एवं ऋण अदायगी का एक मात्र जरिया कृषि ही है।
2, एक तरफ बजाज ग्रुप के गन्ना किसानों का समय से भुगतान न होने से किसानों के जीवन-यापन, बीमारी, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं बच्चों की शादी-विवाह आदि बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। दूसरी ओर बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि व आंधी-तूफान से गेहूँ की फसल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। किसान बहुत ही दयनीय स्थिति में पहुंच गया है।
3.किसानों के ऋणों की वसूली, विधुत बिल वसूली भी लगातार जारी है 4, जनपद लखीमपुर खीरी की मण्डियों मे व्यापारी एवं बिजोलिये हावी हैं। जो मंण्डी अधिकारियों के साथ में मिलकर के किसानों को जमकर के लूट रहे हैं किसानों का गेहूं ना तौल करके व्यापारियों द्वारा खरीदा गया गेहूं क्रय केन्द्रों के बारदाने में पैक किया जा रहा है। 5, किसानों की उपरोक्त समस्याऐं किसानों के जीवन-यापन में पूरी तरह प्रभावी हो गयी है और किसानों के पास आय का अन्य साधन न होने के कारण किसान सरकार से सहानुभूतिपूर्ण सहयोग चाहता है। उपरोक्त के सम्बन्ध में किसानों की निम्नलिखित मांगें हैं।
1 किसानों की क्षतिग्रस्त गेहूँ की फसल का जल्द से जल्द सर्वेक्षण करवाकर लागत के आधार पर न करके उपज के आधार पर मुआवजा दिलाया जावे। 2, गेहूँ क्रय केन्द्रों को किसानों के गेहूँ की खरीद लक्ष्य बढ़ाकर करने हेतु अविलम्ब निर्देशित किया जाये। बजाज चीनी मिल ग्रुप के किसानों का बकाया गन्ना भुगतान अविलम्ब कराया जाये। ऋण वसूली एवं विधुत बकाया की वसूली में किसानों को राहत प्रदान की जाये।5,यह कि किसानों के ऋण पर अधिरोपित ब्याज को माफ किया जाये। 6, जनपद की मंडियो के अंदर किसानों से हो रही लूट की एस आई टी गठित कर जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करी जाए एवं पारदर्शिता लाई जाए, हम किसानों की उपरोक्त समस्याओं को अत्यन्त गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए उक्त मांगों को सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से अविलम्ब पूरा करने की कृपा की जाये। जिला अध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में आरिफ खान, तहसीन अली, रामू यादव, दलजीत सिंह, तरसेम सिंह, दीपक सिंह अर्कवंशी, अकील, नरेंद्र पाल, मोहम्मद रफी, कल्पना तिवारी, अनुज यादव, धीरज कुमार, दिलीप कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# आशा वर्कर्स ने बकाया भुगतान को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

आशा वर्कर्स ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अपने लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि को समय पर जारी किए जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा।प्रदर्शन के दौरान आशा वर्कर्स ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी खुशहाल सिंह को सौंपा। प्रदर्शन दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ।आशा वर्कर्स का कहना है कि वे लंबे समय से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों—जैसे आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड, टीबी और कुष्ठ रोग से संबंधित कार्य—में अपनी सेवाएं दे रही हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पूर्व में किए गए कार्यों से संबंधित मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी तक लंबित है,जिसमें वर्ष 2018 से आयुष्मान और गोल्डन कार्ड संबंधी कार्यों का भुगतान, तथा 2019 से 2021 तक राज्य वित्त से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि शामिल है। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी के दौरान घोषित अतिरिक्त मानदेय और अन्य स्वास्थ्य अभियानों से जुड़ी प्रोत्साहन राशि के समयबद्ध भुगतान की भी मांग उठाई गई।
यूनियन की जिला अध्यक्ष रकिया बानो ने कहा कि उनकी प्रमुख मांगों में सभी लंबित भुगतानों का निस्तारण, भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्वास्थ्य केंद्रों पर भुगतान से संबंधित विवरण स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो आशा वर्कर्स आगे भी अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाती रहेंगी।

# असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला फूंका: कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ हिमंता बिस्वा सरमा की कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में किया गया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रदर्शन कचहरी के मुख्य द्वार पर हुआ।
प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा को निंदनीय बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं की मानसिकता दलित विरोधी है और कांग्रेस जनहित के मुद्दों को उठाना जारी रखेगी।
शहर अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी। कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। इस प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती, अन्नू मिश्रा, चंद्रप्रभा अवस्थी, रामजीवन राज, जावेद अली एडवोकेट, शक्ति शरण गौतम, रामपाल शाक्य, अब्दुल रहीम, अकील खान, अब्दुल कयूम, लतीफ आजम, कमलजीत सिंह, अनंत राम गौतम, नंद किशोर, राहुल गौतम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 8 साल बाद लौटा घर का चिराग: ककवन पुलिस ने बिछड़े व्यक्ति को परिवार से मिलाया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

थाना ककवन पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए 8 साल से लापता एक व्यक्ति को उसके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की इस पहल से एक परिवार को वर्षों बाद अपना खोया हुआ सदस्य वापस मिल सका, जिससे घर में खुशियों का माहौल लौट आया।
जानकारी के अनुसार, राम फेर (47) पुत्र सत्यनारायण, निवासी ग्राम उधमपुर थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़, मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण करीब 8 वर्ष पूर्व घर से बिछड़ गए थे। वह इन दिनों ककवन क्षेत्र के ग्राम मौजपुर में रह रहे थे। थाना ककवन की टीम ने तकनीकी संसाधनों और पुराने रिकॉर्ड्स के आधार पर उनकी पहचान सुनिश्चित की। कड़ी मेहनत के बाद पुलिस उनके परिजनों तक पहुँचने में सफल रही। इसके बाद उनके भाई शिवफेर, निवासी मधवापुर थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़, को बुलाकर विधिवत सुपुर्द किया गया।अपने भाई को इतने वर्षों बाद सामने देखकर शिवफेर की आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। परिजनों ने बताया कि उन्होंने राम फेर के मिलने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस के प्रयासों ने उन्हें नई जिंदगी और खुशियाँ लौटा दीं।इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया।
बरामदगी में शामिल पुलिस टीमः उपनिरीक्षक शैलेन्द्र गिरि, चौकी विषधन उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह उपनिरीक्षक अक्षय पंवार थाना ककवन पुलिस की इस पहल को क्षेत्र में मानवीय और संवेदनशील पुलिसिंग का बेहतरीन उदाहरण माना जा रहा है।

# एक्सप्रेस खबरें...

### हाजी मोहम्मद जकी को बनाया गया अंजुमन इस्लामिया सेक्रेटरी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** खीरी टाउन, की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था अंजुमन इस्लामिया खीरी की बैठक में सर्वसम्मति से हाजी मो. जकी गौरी को संस्था का नया सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हाजी मो. जकी गौरी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में अंजुमन इस्लामिया खीरी समाज की सेवा और विकास के कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। नवनियुक्त सेक्रेटरी हाजी मो. जकी गौरी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और समाज की भलाई के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।इस अवसर पर संस्था के कई गणमान्य सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### ब्रम्हा के ब्रम्ह को जानना ही असली मनुष्य की भक्ति है

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** विगत कई वर्षो से ऐतिहासिक चैती मेले मे अपनी सेवा को जन जन तक पहुंचा रही संस्था ब्रम्ह कुमारी ईश्वरीय कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनांक 16 मार्च को चैती मेला के उद्घाटन के साथ साथ इस संस्था का उद्घाटन जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुवाई मे वहन कुमारी सुनीता देवी के कर कमलो द्वारा किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी सोये हुये हिन्दुओ को जगाना और उनमे इश्वर के प्रति प्रेम भक्ति और विश्वास पैदा करना, व सभी प्रणीयो को ब्रम्ह को जानना,वहन कुमारी सुनीता ने बताया कि ब्रम्हा के ब्रम्ह को जानलेना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है,इस अवसर पर माउंट आवू से पधारे विजय राजेश अमित व प्रीती बीके लाला ने अपने विचार रखे।

### मेले मे तीन साल के बच्चे को पुलिस प्रशासन ने मिलाया मां से

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला का ऐतिहासिक चैती मेला उसने पूरे चरम पर जोश खरोंश के साथ चल रहा है, जिसके चलते गोला चैती मेले मे खासा भीड भाड हो रही है। हलाकि मेला प्रभारी संतोष कुमार की सक्रियता के चलते भीड भाड के चलते कोई अप्रिय घटना नही घट पाती है जिसके लिये मेला परिसर णे लगे 36 सीसीटीवी फुटेज से मेला के सभी प्वाइंटो से भीड पर नजर रखी जा रही है।दिनांक नौ अप्रैल को अपनी मां के साथ मेला देखने आया तीन वर्षीय बच्चा अयांश पुत्र सुशील कुमार निवासी गोला ओ अपनी मां से भारी भीड मे कही खो गया,मां ने तुरंत घटना की जानकारी मेला प्रभारी संतोष कुमार सिंह को दी फौरन ही मेला प्रभारी ने मेला मे लगे सभी सुरक्षा कर्मचारियो को ऐलर्ट कर दिया और कुछ की पलो मे बच्चो को ढूढ निकाला और उसकी मां के सुपुर्द कर दिया, जिसके चलते बच्चे की मां ने राहत की सास ली और मेला पुलिस प्रसासन की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### जनपद खीरी में मतदाता सूची में बड़ा फेरबदल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जिले की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव सामने आया है। विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) के बाद जहां 1.88 लाख नए मतदाता जुड़े हैं, वहीं 20,715 वोट सूची से हटाए गए हैं। अंतिम सूची जारी होने के बाद जिले में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 25.51 लाख हो गई है।चुनाव आयोग के निर्देश पर 28 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के तहत दावे और आपत्तियों का निस्तारण छह मार्च तक किया गया। इसके बाद प्रशासन ने अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी।अंतिम आंकड़ों के अनुसार मोहम्मदी विधानसभा में सबसे ज्यादा 32,095 वोट बढ़े, जबकि गोला विधानसभा में 30,389 नए मतदाता जुड़े। वहीं, धौरहरा विधानसभा में सबसे अधिक 3,847 वोट काटे गए हैं।एसआइआर अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में 3283 बीएलओ और 340 सुपरवाइजरों की टीम ने घर-घर जाकर सत्यापन किया। विशेष अभियान के तहत रविवार को भी बूथ स्तर पर कार्य किया गया।एडीएम नरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। इस बार बड़े पैमाने पर नए मतदाता जुड़े हैं, जिससे आगामी चुनावों में मतदाताओं की भूमिका और अहम हो जाएगी।



# सखरेज में खत्म होगा जल संकट: 1.80 करोड़ की लागत से रीबोर कार्य शुरू

**विधायक राहुल बच्चा सोनकर और सांसद अशोक रावत के प्रयास रंग लाए, वर्षो पुरानी समस्या के समाधान की शुरुआत**



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर ब्लॉक के ग्राम सखरेज में लंबे समय से चला आ रहा पेयजल संकट अब खत्म होने की ओर है। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर और सांसद अशोक रावत के सतत प्रयासों से गांव में पानी की टंकी के रीबोर कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। करीब 1 करोड़ 80 लाख की लागत से शुरू हुई इस परियोजना से हजारों ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। वर्षों से गांव के हैंडपंपों से खारा पानी निकलने के कारण लोगों को पीने का पानी दूर-दराज से लाना पड़ता था, जिससे दैनिक जीवन काफी प्रभावित हो रहा था।बताया गया कि इस कार्य के लिए प्रस्ताव जुलाई 2025 में भेजा गया था, जिसके बाद विधायक सोनकर लगातार शासन और संबंधित विभागों के संपर्क में रहे। पिछले 10 दिनों में उन्होंने विशेष रूप से इस परियोजना को गति देने के लिए सक्रिय पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप कार्य शुरू हो सका। 'विकास के लिए प्रतिबद्ध सरकार 'कार्यक्रम के दौरान विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग केवल श्रेय लेने की राजनीति करते हैं, जबकि वास्तविक विकास सरकार की प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों से होता है।
रीबोर कार्य शुरू होने से गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि इससे उनकी सबसे बड़ी समस्या का समाधान होगा और उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।
कार्यक्रम में मौजूद रहेःइस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, ग्राम प्रधान शंकर सिंह, ग्राम प्रधान सुशील द्विवेदी, विनोद तिवारी, मन्नी तिवारी सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।यह परियोजना न सिर्फ सखरेज बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी राहत का बड़ा माध्यम साबित हो सकती है।

# चौपाल के जरिए गांव-गांव पहुंची भाजपा, योजनाओं से जोड़ा जन-जन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भाजपा के 'गांव चलो अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।
अभियान के तहत चौबेपुर मंडल के ग्राम गाजीपुर व चौधरीपुर, बिल्हौर ग्रामीण मंडल के हिन्दूपुर तथा बिल्हौर नगर में चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों को सम्मानित भी किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।
चौपाल को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पासवान ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताते हुए कानून-व्यवस्था में सुधार, पुलिस भर्ती, महिलाओं की सुरक्षा, कृषि विकास और बुनियादी ढांचे को प्रमुख उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि 'गांव चलो अभियान' का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और आमजन का विश्वास मजबूत करना है।
इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और योजनाओं को लेकर अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेःजेपी कटियार, गीता गुप्ता, विक्रम मिश्रा, शुभ्रांशु कटियार, सौरभ शर्मा, जितेंद्र राजपूत, नारायण शुक्ला, बब्बन गुप्ता, गौरव शर्मा, चंद्रप्रकाश कमल, रामसागर, योगेश त्रिपाठी, सिद्धार्थ राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी।चौपाल के माध्यम से भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ योजनाओं की सीधी जानकारी देकर जनता से जुड़ाव बढ़ाने का प्रयास किया।

### विद्युत लाइन में स्पार्किंग से भीषण आग, 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के जौहरनपुरवा और चिरंजीवपुरवा गांवों में शनिवार शाम करीब 4 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में अचानक स्पार्किंग होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 25 से 30 बीघा गेहूं की कटी व खड़ी फसल जलकर राख हो गई।स्थानीय किसानों के अनुसार, बीते एक सप्ताह से लगातार बारिश और ओलावृष्टि के कारण पहले ही फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो चुकी थी, वहीं इस आगजनी की घटना ने किसानों को पूरी तरह से तोड़ दिया है। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, साथ ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के खेतों को बचाया।घटनास्थल पर नायब तहसीलदार रंजीत यादव पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित किसानों को शासन की ओर से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।इस आगजनी में हरिकृष्ण, राधा कृष्ण (पुत्र अशरफीलाल), अवधेश कुमार (पुत्र मेवालाल), रामदीन (पुत्र सुखलाल), बाबूलाल (पुत्र हीरालाल) समेत एक दर्जन से अधिक किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। प्रशासन से उठी मांग :ग्रामीणों ने जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की है।

### बिल्हौर को जिला बनाने की मांग तेज, 330वां ज्ञापन सौंपकर जारी रखा संघर्ष

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** बिल्हौर को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रही सर्वसमाज उत्थान सेवा समिति ने शुक्रवार को अपना आंदोलन जारी रखते हुए 330वां ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा। समिति के जनसेवक महंत सियाराम दास कठेरिया के नेतृत्व में यह ज्ञापन मा0 राज्यपाल को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार बिल्हौर सी.पी. राजपूत को सौंपा गया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्र की जन समस्याओं और बिल्हौर को जिला बनाने की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। समिति का कहना है कि 209 बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लंबे समय तक अनशन और आंदोलन करने के बावजूद अब तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। आश्वासन मिलने के बाद भी मांगों पर अमल न होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी बनी हुई है। पदाधिकारियों ने बताया कि जनहित से जुड़ी 5 सूत्रीय मांगों के पूर्ण होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# बंगाल के लिए बीजेपी का घोषणापत्र

## अमित शाह बोले, 45 दिन के अंदर 7वां वेतन आयोग लागू करेंगे, यूसीसी भी लागू होगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दौरे में है। इस दौरान वह विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए इसे 'भरोसे का पत्र' बताया। पार्टी ने इसे 'सोनार बांग्ला' का रोडमैप बताते हुए विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा पर फोकस किया है। साथ ही, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भाजपा बंगाल के ही बेटा को मुख्यमंत्री बनाएगी।



### भाजपा के घोषणापत्र की 10 बड़ी बातें

- सरकार बनने के 6 महीने के अंदर बंगाल में यूसीसी लागू करने का वादा।
- राज्य की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3000 देने का एलान।
- मवेशी तस्करी पर सख्त रोक लगाने का वादा।
- बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए 'वंदे मातरम म्यूजियम' बनाने की घोषणा।
- राज्य सरकार की सभी नौकरियों (पुलिस सहित) में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का वादा।
- सरकार बनने के 45 दिन के भीतर सरकारी कर्मचारियों के लिए 7वां वेतन आयोग लागू का एलान।
- उत्तर बंगाल में एम्स, आईआईटी, आईआईएम और फैशन डिजाइन संस्थान स्थापित का वादा।
- पीएम किसान से इतर राज्य सरकार की ओर से 3,000 अतिरिक्त मदद देने का वादा।
- राज्य में विकास को बढ़ावा देने के लिए चार नए टाउनशिप विकसित करने की घोषणा।
- मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना को आयुष्मान भारत से जोड़ने का वादा।

### नौकरियों में 33% आरक्षण, मुफ्त बस यात्रा और 'लखपति दीदी' योजना पर जोर

महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में पुलिस बल सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया गया है। इसके साथ ही 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर मंडल में महिला थाने और महिला डेस्क स्थापित करने की योजना है, ताकि महिलाओं को बेहतर और त्वरित सहायता मिल सके। यह भी कहा गया है कि ऐसा माहौल तैयार किया जाएगा, जहां महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल न उठे और उन्हें किसी भी समय बाहर निकलने में असुरक्षा महसूस न हो। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट देने की योजना है। वहीं, राज्य संचालित बसों में सभी महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा लागू करने का भी वादा किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि में हम राज्य की तरफ से अतिरिक्त 3,000 रुपये जोड़ेंगे और किसानों को सालाना 9,000 रुपये की वित्तीय सहायता देंगे।

### युवाओं को हर महीने मिलेगा 3,000 रुपये का भत्ता

अमित शाह ने कहा कि हाल ही में स्नातक पूरा करने वाले युवाओं को हर महीने 3,000 रुपये का भत्ता देने का वादा किया गया है, ताकि वे अपने करियर की शुरुआत में आर्थिक सहयोग प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को 15,000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने की योजना भी शामिल है, जिससे उनकी पढ़ाई और तैयारी में मदद मिल सके। इसके अलावा पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार के कारण जिन युवाओं ने आयु सीमा पार कर ली है, उन्हें विशेष राहत देने का प्रस्ताव रखा गया है। ऐसे उम्मीदवारों को अधिकतम पांच साल तक की आयु सीमा में छूट दी जाएगी, ताकि वे दोबारा अवसर पा सकें। 2015 के बाद से जिन युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर नहीं मिल पाए हैं, उनके लिए भी पर्याप्त भर्ती अवसर सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया है।

### अमित शाह बोले, हर वर्ग के विकास का रोडमैप

उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र राज्य के हर वर्ग की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और मौजूदा निराशा के माहौल से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। अमित शाह के अनुसार, इस घोषणापत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से जूझ रहे किसानों को इससे नई दिशा मिलेगी, जबकि युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी खास जोर दिया गया है। इसके साथ ही बंगाल की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को पुनर्स्थापित करने की बात भी इसमें प्रमुख रूप से शामिल है।

### महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान

इसके अलावा अमित शाह ने सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान करते हुए कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों और वेतनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जाएगा और 45 दिनों के भीतर ही सातवें वेतन आयोग और आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी योजनाओं को लागू करेंगे। साथ ही छह माह के अंदर ही यूसीसी भी लागू करेंगे। महिलाओं के लिए एलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार 'लक्ष्मी भंडार' योजना के लाभार्थियों को हर महीने 1 से 5 तारीख तक खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी।

### 'घोषणापत्र' में वादों की बौछार

राज्य के विकास को गति देने के लिए व्यापक योजनाओं का खाका पेश किया गया है। इसके तहत कोलकाता मेट्रो का पूरी तरह विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यातायात व्यवस्था को आधुनिक और सुगम बनाया जा सके। रेलवे परियोजनाओं को तेजी देने के लिए एक साल के भीतर 61 प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है, ताकि ये परियोजनाएं विकास की मुख्य धुरी बन सकें। इसके साथ ही, सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को 200 दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य तय किया गया है। नदी-नालों में पेट्रोलिंग की एक नई आधुनिक तकनीक से युक्त वैज्ञानिक व्यवस्था करेंगे।

# 'सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन उनपर नहीं'

## चुनावी रैली में भाजपा पर बरसीं ममता



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 'एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे। ममता बनर्जी ने लोगों को आगाह किया कि वे भाजपा पर कभी विश्वास न करें। असम की 126 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था।

# आतंकी साजिश नाकाम: आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़, सीसीटीवी से पाकिस्तान भेज रहे थे लाइव फीड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय जासूसी और हथियारों की तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दिल्ली और पंजाब से गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विदेशी और देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और कई संदिग्ध सिम कार्ड



भी जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, स्पेशल सेल की दो टीमों ने एक नेटवर्क ध्वस्त किया है, जिन्होंने आईएसआई की मदद से देश के कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। इनका हथियार तस्करी, ग्रेनेड अटैक का भी प्लान था। इन्होंने सौर उर्जा से चलने वाले सीसीटीवी लगाए, जिनकी फीड पाकिस्तान जा रही थी। कई जगह की वीडियोग्राफी भी कराई है, जिनको बाहर भेजा गया है। पंजाब और दिल्ली के लोगों को पकड़ा गया है, ये लोग आर्म्स स्मगलिंग का इस्तेमाल सीसीटीवी लगाने में करते थे। इन कैमरों में रिकॉर्डिंग नहीं होती थी।

### सोशल मीडिया एप्स का इस्तेमाल करते थे आतंकी

जानकारी के मुताबिक, बेरोजगार युवकों को लालच देकर सीसीटीवी लगवा रहे थे। जांच में सामने आया है कि आर्म्स स्मगलिंग के साथ इनकी तैयारी अब ड्रग्स ट्रैफिकिंग की भी थी। दिल्ली से पकड़ा गया अतुल राठी, आर्म्स स्मगलिंग का काम संभालता था। आपस में बात करने के लिए सोशल मीडिया एप्स का इस्तेमाल करते थे।

# यूएस के युद्धपोत पर हमले चीनी मिसाइलों से, ईरान को पाक ने दिया रास्ता, ये युद्ध अपराध: पूर्व अमेरिकी एनएसए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वाशिंगटन**

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जनरल माइक फ्लिन ने दावा किया है कि ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला करने के लिए जिन मिसाइलों का इस्तेमाल किया, वे चीन की थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसे पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा गया था। फ्लिन ने इसे सीधे तौर पर 'युद्ध की कार्रवाई' यानी, एक्ट ऑफ वार करार दिया है।



### पाकिस्तान की भूमिका पर उठे सवाल

वर्तमान में पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कराने के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहा है। फ्लिन ने तंज कसते हुए कहा कि जो देश पर्दे के पीछे से हथियारों की तस्करी में मदद कर रहा हो, वह ईमानदार मध्यस्थ कैसे हो सकता है? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक तरफ शांति की बात कर रहा है और दूसरी तरफ अमेरिका के दुश्मनों को रसद पहुंचा रहा है।

### यह खुला युद्ध है-माइक फ्लिन

माइक फ्लिन ने सोशल मीडिया पर 'मोसाद कमेंट्री' की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन और पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है। फ्लिन ने कहा कि अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना चाहिए। उन्होंने यहां तक सुझाव दे डाला कि जवाबी कार्रवाई के रूप में अमेरिका में पढ़ रहे लगभग 5 लाख चीनी छात्रों को तुरंत वापस उनके देश भेज देना चाहिए।

### फरवरी से ही जारी है सैन्य संघर्ष

गौरतलब है कि फरवरी 2026 से अमेरिका और ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष जारी है। हाल ही में दोनों देशों के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ है। इस बीच ईरान ने दावा किया था कि अपने तटीय क्रूज मिसाइलों से अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस हमले में चीनी तकनीक और पाकिस्तानी रूट के इस्तेमाल की पुष्टि होती है, तो यह न केवल इस युद्धविराम को खत्म कर देगा, बल्कि और विकट स्थिति भी पैदा कर सकता है। फिलहाल, अमेरिका की ओर से इन दावों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### सबरीमाला मंदिर घी घोटाला: केरल उच्च न्यायालय ने विजिलेंस ब्यूरो को 30 दिन का समय और दिया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमाला के भगवान अयप्पा मंदिर में 'अडिया शिष्टम घी' की बिक्री से जुड़े कथित धन के घोटाला की जांच पूरी करने के लिए विजिलेंस ब्यूरो को 30 दिन का अधिक समय दिया है। यह मामला त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के कर्मचारियों की ओर से धन के कथित दुरुपयोग से संबंधित है। विजिलेंस और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) ने अदालत को बताया कि इस घोटाले में टीडीबी के 9 और कर्मचारी संदिग्ध हैं, जिनकी भूमिका की जांच की जानी है। इस वजह से और समय की मांग की गई है। ब्यूरो ने शुरुआत में इस कथित घोटाला के संबंध में 33 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। वीएसीबी ने अदालत को यह भी बताया कि टीडीबी द्वारा अभिलेखों का लापरवाहीऔर अनुचित रखरखाव जांच की में बाधा डाल रहा है। इससे निर्धारित समय के भीतर जांच पूरी करना मुश्किल हो गया है। जांच एजेंसी की दलीलों पर ध्यान देते हुए, न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी और न्यायमूर्ति के वी जयकुमार की पीठ ने कहा कि वह अतिरिक्त समय के अनुरोध से संतुष्ट है।

# मणिपुर में पुलिस ने छह लोगों किया गिरफ्तार, बिष्णुपुर ब्लास्ट केस में पीड़ित परिवार ने ठुकराया मुआवजा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंफाल मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हुए बम धमाके के बाद राज्य में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने पुलिसकर्मियों से हथियार छीनने की कोशिश की और इलाके में लागू कर्फ्यू के नियमों को तोड़ा। पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार को हेंगंग थाना क्षेत्र के अहलुप माखा लेकाई में की। पकड़े गए आरोपियों की पहचान यांगोजम बोरिश सिंह (23), मंगसाताबम डेविड सिंह (21), पंगमबम निवास मेइतेई (22), लैतोनजम रोमन सिंह (22), फेरेनजम टोनी (21) और निंगथौजम डेनिश सिंह (22) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इन लोगों ने न केवल पाबंदियों का उल्लंघन किया बल्कि सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट भी की।

### कर्फ्यू में तीन घंटे की ढील दी गई

घाटी के जिलों में पाबंदियां अभी भी जारी हैं, लेकिन आम जनता की सुविधा के लिए कर्फ्यू में तीन घंटे की ढील दी गई। इस दौरान इंफाल के ख्वैरामबंद कैथल बाजार में जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग कम समय में राशन और अन्य जरूरी चीजें जुटाने की कोशिश करते दिखे। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है।

### परिवार ने ठुकराया मुआवजा

दूसरी तरफ, धमाके में जान गंवाने वाले दो मासूम बच्चों के परिवार में गहरा दुख और गुस्सा है। बच्चों की मां का इलाज फिलहाल राज मेडिसिटी अस्पताल में चल रहा है। बच्चों की दादी हिजाम लोइदम ने सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक मदद (मुआवजा) को लेने से साफ मना कर दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग रखी है कि पांच दिनों के भीतर दोषियों की पहचान की जाए और उनके पोते-पोतियों के हत्यारों को पकड़ा जाए। उन्होंने भावुक होकर सवाल किया कि उन मासूमों का क्या कसूर था और उन्हें इतनी बेरहमी से क्यों मारा गया? महिला समूहों ने भी इस मांग का समर्थन किया है। उन्होंने सरकार से इस पूरी घटना की सच्चाई सामने लाने की अपील की है।

